बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

SANSKAR UJALA

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 177 | सोमवार 16 अक्टूबर 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें मो0 9868944025 लोन सुविधा उपलब्ध है

## संक्षिप्त

### कुछ फिल्में करने का ऋचा को आज तक है अफसोस



ऋचा चड्ढा इन दिनों अपनी फिल्म 'फुकरे 3' की वजह से चर्चा में हैं। ऋचा चड्ढा ने इंडस्ट्री में कई चर्चित फिल्मों में काम किया है। हाल ही में वह अपनी करियर यात्राा पर बात करती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ फिल्मों में काम करने का उन्हें काफी मलाल है। इसके अलावा ऋचा ने टॉक्सिक माहौल में काम करने का भी अपना अनुभव साझा किया। हाल ही में एक मीडिया वेबसाइट को दिए इंटरव्यू के दौरान जब ऋचा से फिल्मों को लेकर उनकी चॉइस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने खुलासा किया कि वह शुरूआत से इस मामले में काफी सलेक्टिव रही हैं। ऋचा ने यह भी कहा कि करीब पांच-छह फिल्में ऐसी हैं, जिन्हें करने का उन्हें काफी मलाल है। ऋचा ने हालांकि उन फिल्मों का नाम नहीं लिया, लेकिन इनमें काम करने पर एतराज जताया। ऋचा ने कहा, 'मैं फिल्मों को लेकर काफी सलेक्टिव हूं। शुरूआत से ही मैं काफी सतर्क रही हूं। लेकिन, इसका यह मतलब नहीं कि मैंने गलतियां नहीं की हैं। मैंने कई ऐसी फिल्में की हैं, कि उनकी तरफ मुड़कर देखने पर काफी खराब महसूस होता है। मैं खुद हैरान होती हूं कि मैंने इसके लिए सहमति कैसे दे दी थी।

# तैयारी प्राण प्रतिष्ठा की

## लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार अयोध्या



अयोध्या । आने वाले दिनों में कई बड़े आयोजन प्रस्तावित हैं जिसमें देशभर से लाखों लोगों के आने की संभावना है। व्यवस्थाओं को बेहतर और सुगम बनाने के लिए लखनऊ नगर निगम पार्किंग की तर्ज पर अयोध्या में भी बस, कार और बड़े वाहनों की पार्किंग के लिए विशेष एप बनाया जाएगा। इससे लोगों को ऐप के माध्यम से पार्किंग में खाली जगह व स्थान की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाएगी। अयोध्या को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए ये निर्देश मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिए। शनिवार की बैठक में सुगम यातायात व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि अयोध्या में आगामी कुछ दिनों में कई महत्वपूर्ण आयोजन होने वाले हैं। 15 से 24 अक्टूबर तक दुगार्पूजा, 24 अक्टूबर को दशहरा, 14 से 25 अक्टूबर तक रामलीला, 11 नवंबर को दीपोत्सव, 20 व 21 नवम्बर को 14 कोसी परिक्रमा, 22 व 23 नवंबर को 5 कोसी परिक्रमा तथा 27 नवंबर को पूर्णिमा स्नान कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगें। बैठक में पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू के अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अयोध्या के मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी थे।

## बरेली सेंट्रल जेल से डॉन बबलू श्रीवास्तव को लेकर प्रयागराज पुलिस रवाना



बरेली। व्यापारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड के आरोपी माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव को लेकर प्रयागराज पुलिस बरेली से रवाना हो गई। बबलू श्रीवास्तव को रविवार दोपहर करीब ढाई बजे बरेली सेंट्रल जेल से बाहर निकाला गया। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच बरेली से प्रयागराज ले जाया गया है।

पुलिस बबलू को लेकर प्रयागराज जेल पहुंचेगी। वहां से सोमवार सुबह उसकी प्रयागराज कोर्ट में पेशी कराई जाएगी। अपहरण के मामले की सुनवाई पहले 11 अक्तूबर को होनी थी, लेकिन बरेली पुलिस-प्रशासन ने प्रधानमंत्री के आने को लेकर व्यस्त होने का हवाला देकर सुरक्षा मुहैया कराने से इनकार किया था। इसके कारण बबलू श्रीवास्तव को कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था। पंकज महिंद्रा के अपहरण मामले में अब 16 अक्तूबर को सुनवाई होनी है। बरेली पहुंची प्रयागराज पुलिस की टीम रविवार दोपहर करीब ढाई बजे करीब बबलू श्रीवास्तव को लेकर बरेली से रवाना हो गई है।

# महाराष्ट्र में सड़क हादसे में 12 की मौत, 23 घायल

## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर कंटेनर से टकराई मिनी बस, बस में 35 यात्री सवार थे

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार मिनी बस एक कंटेनर से टकरा गई, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया, प्राइवेट बस में 35 यात्री सवार थे। यह दुर्घटना मुंबई से लगभग 350 किलोमीटर दूर स्थित एक्सप्रेसवे के वैजापुर इलाके में रात 12.30 बजे हुई। बस ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिसके चलते बस पीछे की ओर से कंटेनर से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए 12 लोगों में से पांच पुरुष, छह महिलाएं और एक नाबालिग लड़की शामिल है। अधिकारी ने कहा कि 23 अन्य को चोटें आईं और उन्हें एक सरकारी



अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरने वाले सभी नासिक शहर के रहने वाले थे। पीएम ऑफिस की तरफ से इस हादसे पर दुख व्यक्त किया गया। सोशल मीडिया पर लिखा, मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पीड़ितों के परिवारों को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। घायलों के इलाज का खर्च भी सरकार उठाएगी।

## डीआरआई ने जब्त किया 19 करोड़ रुपये का सोना

**नई दिल्ली।** डीआरआई (डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस) ने वाराणसी, नागपुर और मुंबई से कुल 19 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। डीआरआई द्वारा जब्त कुल सोना करीब 31.7 किलो है और इसकी कीमत करीब 19 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी बांग्लादेश से भारत में सोना लाकर इसे मुंबई, नागपुर और वाराणसी जैसे शहरों में भेज रहे थे। डीआरआई ने एक समन्वित अभियान चलाकर वाराणसी, नागपुर और मुंबई से विदेशी मूल के लोगों को पकड़ा। आरोपी रेल और सड़क मार्ग से सोने की तस्करी कर रहे थे। नागपुर की टीम ने आरोपियों को नागपुर रेलवे स्टेशन पर पकड़ा। डीआरआई ने आरोपियों के पास से 8.5 किलो सोना पकड़ा।

# बीआरएस ने जारी किया पार्टी का घोषणा पत्र

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर ने हैदराबाद में पार्टी के घोषणा पत्र का एलान किया। इस दौरान सीएम ने पार्टी नेताओं-कार्यकताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'मैंने बार-बार कहा है कि कुछ को छोड़कर अन्य सभी मौजूदा विधायकों को जीत मिलेगी। जिन्हें टिकट नहीं मिला है, उन्हें समझाने की कोशिश की है कि विधायकी का टिकट ही अंतिम नहीं है भविष्य में भी कई मौके आएंगे।'केसीआर ने कहा कि कई योजनाएं हमारे पिछले घोषणा पत्र में नहीं थी फिर भी उन्हें लागू किया गया जैसे तेलंगाना अन्नपूर्णा योजना, कल्याण लक्ष्मी योजना और रायतु



भीमा योजना। हमने राज्य की जनता से किए 99 प्रतिशत वादों को पूरा किया है। इस घोषणा पत्र में आसरा योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद 2 हजार से बढ़ाकर तीन हजार कर दी गई है। अगले पांच सालों में इस योजना के तहत हर साल पांच सौ रुपये बढ़ाकर इसे पांच हजार किया जाएगा। के चंद्रशेखर ने कहा कि 'कुछ जगहों पर ऐसी घटनाएं हुई हैं, जहां हमने उम्मीदवार बदला है। वहीं अधिकतर सीटों पर सब कुछ आराम से बिना किसी लड़ाई के तय हुआ है। उम्मीदवारों को शांति बनाए रखनी चाहिए और किसी के बहकावे में आकर भड़कना नहीं चाहिए। उम्मीदवारों को लोगों के साथ बैठकर शांति से बात करने और उनकी समस्याओं को दूर करने की जरूरत है। बीते चुनाव में भी मैंने दो उम्मीदवारों को खुद में थोड़ा बदलाव लाने और लोगों से बात करने की सलाह दी थी लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी और दोनों चुनाव हार गए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हम एक लोकतंत्र में रहते हैं और हमें सभी लोगों को साथ लेकर चलना चाहिए। मैंने देखा है कि कई लोगों ने सस्ती राजनीति के चक्कर में बड़े मौके गंवा दिए। इसलिए हम सभी को सही ढंग से व्यवहार करना चाहिए और आराम से बोलना चाहिए और अच्छी तरह से काम करना चाहिए। पार्टी कार्यकताओं का सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और पार्टी उम्मीदवारों को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।'

# तीन राज्यों के लिए कांग्रेस की पहली सूची

## 229 सीटों पर कितने बड़े चेहरे, किसे-कहां से टिकट? जानें सभी समीकरण


नई दिल्ली। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। वहीं, छत्तसीगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 30 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई है। इसी तरह तेलंगाना की 119 सीटों में से 55 सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। राजस्थान और मिजोरम विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का एलान भी जल्द हो सकता है। आइये जानते हैं तीन राज्यों के लिए जारी की गई कांग्रेस की पहली सूची में क्या खास है। तेलंगाना में पार्टी ने 46 फीसदी से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया। राज्य में कुल 119 विधानसभा सीटें हैं। 2013 में यहां पार्टी को 13 सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, इस वक्त केवल पांच विधायक ही हैं। पहली सूची में पांचों मौजूदा विधायकों को टिकट मिला है। नलगोंडा लोकसभा सीट से सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को नलगोंडा जिले की हुजूर नगर विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी वह इस



सीट से जीते थे। हालांकि, उनके सांसद बनने के बाद हुए उप चुनाव में यह सीट सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के पास चली गई थी। पांच बार के विधायक रेड्डी पर एक बार फिर यह सीट जिताने की जिम्मेदारी होगी। रेड्डी राज्य में पार्टी के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं। पार्टी ने मौजूदा पांचों विधायकों को फिर से टिकट दिया है। इनमें करीमनगर जिले की मनथानी सीट से दुद्दीला श्रीधर बाबू, मेंडक जिले की संगारेड्डी विधानसभा सीट से थुरुपु जग्गा रेड्डी,वारंगल जिले की मुलुग सुरक्षित सीट से दानसारी अनसूया सीताक्का फिर से उम्मीदवार होंगी। इसी तरह खम्मम जिले की मधिरा सुरक्षित सीट भट्टी विक्रमार्क मल्लू और खम्मम जिले की ही भद्राचलम सीट से पोडेम वीरया को फिर से टिकट दिया गया है। बीआरएस से कांग्रेस में आए मलकानगिरि सीट के विधायक हनुमंत राव मैनामपल्ली को पार्टी ने यहीं से टिकट दिया है। हनुमंत राव के बेटे डॉक्टर रोहित मैनामपल्ली को भी पार्टी ने मेडक जिले की मेडक विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। के. चंद्रशेखर राव सरकार के मंत्री टी. हरीश राव से साथ जारी खींचतान और बेटे को टिकट नहीं मिलने के कारण हनुमंत राव ने हाल ही में बीआरएस (पहले टीआरएस) छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था। रोहित पिछले कुछ महीनों से मेडक में काफी सक्रिय हैं। कोविड के दौरान भी रोहित मेडक में लोगों की मदद करने में काफी सक्रिय रहे थे। रोहित के पिता हनुमंत राव ने बीआरएस को अविभाजित मेडक और ग्रेटर हैदराबाद में मजबूत करने के लिए जाने जाते हैं। वह 2009 से 2014 तक मेडक विधानसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी के विधायक रह चुके हैं। बीआरएस में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने उन्हें एमएलसी बना दिया।

## भारत में रफाल बनाना चाहती है फ्रांसीसी कंपनी

**नई दिल्ली।** लड़ाकू विमान रफाल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी दसॉ एविएशन भारत में मेन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलना चाहती है। भारतीय वायुसेना को 36 विमान सप्लाई करने के बाद कंपनी नेवी के लिए 26 ह्यरफाल एमह्ल की डील कर चुकी है। इसी सिलसिले में फ्रेंच कंपनी के उएड एरिक ट्रेपियर कंपनी के कुछ अन्य अफसरों के साथ भारत आए थे। उन्होंने रक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष अफसरों से बैठकें कीं। फ्रांसीसी अफसरों ने नागपुर के पास मिहान में चल रही जॉइंट वेंचर फैसिलिटी को रफाल की असेंबली लाइन में बदलने की संभावनाओं पर चर्चा की। दसॉ को कुछ सालों में ही दुनियाभर में 200 से अधिक रफाल सप्लाई करने हैं, लेकिन फ्रांस में कंपनी की असेंबली लाइन में साल में 24 विमान ही बन सकते हैं। इसलिए कॉन्ट्रैक्ट पूरे करने के लिए कंपनी को एक और असेंबली लाइन की जरूरत है। भारत में नई



असेंबली लाइन स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के लिए कंपनी के अफसर भारत सरकार के साथ चर्चा कर चुके हैं। अगर भारत में नई असेंबली लाइन स्थापित हो जाती है तो कंपनी साल में 48 विमानों की आपूर्ति कर पाएगी। साथ ही 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकता है। क्योंकि, फ्रांस स्थित असेंबली लाइन में अभी 12,700 कर्मचारी हैं। भारत सरकार 114 मल्टी रोल फाइटर जेट खरीदने का प्रस्ताव पास कर चुकी है। दसॉ की नजर इसी सौदे पर है। इस सौदे की कीमत सवा लाख करोड़ रु. से ज्यादा हो सकती है।

## मध्य प्रदेश में मिलकर लड़ेंगे सपा-कांग्रेसः अखिलेश-शिवपाल के बीच प्रत्याशी घोषित करने पर चर्चा

लखनऊ। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बीच गठबंधन के प्रत्याशी घोषित करने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों व टिकट के दावेदारों के साथ मुलाकात की। मध्य प्रदेश में 2018 के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में सपा ने बिजावर सीट जीती थी, जबकि छह सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे स्थान वाली सीटों पर उसकी मुख्य लड़ाई भाजपा से हुई थी। वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में सपा के सात विधायक जीते थे। इस बार सपा ने गठबंधन के तहत 10-12 सीटें मांगी थीं। इस मुद्दे पर सपा के प्रमुख महासचिव प्रो.



रामगोपाल यादव और कांग्रेस के एमपी के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला के बीच कई राउंड की बातचीत हुई। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक सपा को सात सीटें दी जाएंगी जबकि दो और पर सपा नेताओं ने दावा किया है। यह दावा भी कांग्रेस हाईकमान के सामने प्रस्तुत कर दिया गया है। अंतिम निर्णय वहीं से लिया जाएगा।

# दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के साथ नवरात्रि की शुरूआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में खराब हवा के बीच लोगों को नवरात्रि के व्रतों की शुरूआत करनी पड़ी। रविवार सुबह राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स 245 रिकॉर्ड किया गया। आनंद विहार में एयर क्वालिटी इंडेक्स बहुत खराब कैटेगरी में था और यह 345 तक रिकॉर्ड किया गया। सफर-इंडिया का अनुमान है कि अगले दो दिनों में राजधानी की हवा और ज्यादा खराब होने की संभावना है। पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं के बढ़ने के साथ यह गंभीर हो सकती है। सफर-इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 204 अंक औसतन रिकॉर्ड (रविवार दोपहर एक बजे के करीब ) किया गया। अगले 24 घंटे में यह औसत 239 और 48 घंटे में 269 तक पहुंच सकता है। इसी प्रकार, एयर क्वालिटी इंडेक्स 187 पर है जो अगले 24 घंटे में 203 और अगले दो दिनों में 226 तक पहुंच सकता है। रविवार की सुबह हवा चलने के कारण राजधानी में प्रदूषण की स्थिति में कुछ सुधार दर्ज किया गया। हवा न बहने की स्थिति में यह ज्यादा खराब हो सकती है। राजधानी में प्रदूषण की यह स्थिति ऐसे समय में है जबकि दिल्ली सरकार ने दावा किया है कि पूरी दिल्ली में प्रदूषण के स्तर पर लगातार निगरानी रखी



जा रही है। वास्तविक समय में किसी स्थान पर प्रदूषण की स्थिति और उसके कारणों का आंकड़ा एकत्र किया जा रहा है। किसी स्थान पर प्रदूषण होने पर आसपास के इलाके में पानी के छिड़काव जैसे उपायों को अपनाकर प्रदूषण को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए एक 'ग्रीन रूम' तैयार किया गया है जो लगातार काम कर रहा है। साथ ही, दिल्ली सरकार ने राजधानी के प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों में जलाए जा रही पराली को जिम्मेदार बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने हरियाणा और पंजाब सरकारों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाएं। इसके लिए किसानों से मिलजुलकर समस्या का समाधान निकालने की बात कही है। प्रदूषण के इन्हीं कारणों से दिल्ली पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में गिनी जाती है। रिस्पायरर लिविंग के आंकड़ों के अनुसार कई उपायों के कारण दिल्ली के प्रदूषण में कमी आई है, लेकिन 30 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर 2023 के बीच यह विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में एक बनी हुई है। इस दौरान यहां का पीएम 2.5 स्तर 100.1 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक घनमीटर रहा जो स्वयं सरकार के आंकड़ों से यह दो गुना था। यदि वैश्विक माप के अनुसार बात करें तो यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के सुरक्षित आंकड़ों से लगभग 20 गुना ज्यादा था। दिल्ली में ठंड ने अभी दस्तक भी नहीं दी है कि प्रदूषण बढ़ने लगा है। इसके साथ-साथ इस मुद्दे पर राजनीति भी गरमाने लगी है।

## सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण की चुनौती

वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है।दिल्ली और आसपास के इलाकों को इस वर्ष अब तक राहत महसूस हो रही थी। इस साल थोड़े-थोड़े अंतराल पर पर्याप्त बारिश होती रही, जिससे कई वर्षों से चली आ रही वायु प्रदूषण की समस्या यहां के लोगों को नहीं झेलनी पड़ी। लेकिन अक्टूबर आते ही फिर से वायु प्रदूषित होने की खबरें आने लगीं। यह चिंता इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। तो न्यायायल ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग से हवा साफ रखने के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पराली जलाने और अन्य कारणों से होने वाले प्रदूषण के बारे में न्यामित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रही वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की दलीलों को सुना। कोर्ट को बताया गया कि ठंड की शुरूआत और दीवाली आने के साथ ही वायु प्रदूषण की समस्या और बढऩे वाली है। इसके संकेत पहले से मिल रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने शीतकालीन कार्ययोजना के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन की शुरूआत की है।बहरहाल, पराली जलाने की समस्या का कोई समाधान अभी सामने नहीं है। खेतों से फसल काट लेने के बाद पराली को जलाना पंजाब और हरियाणा सहित कई दूसरे राज्यों में भी आम बात है। इसका धुआं दूर-दूर तक फैलता है। इसके अलावा बिना पूरे एहतियाती उपाय किए निर्माण कार्य जारी रहने के कारण हवा में धूल मिलती है। ऊपर से ठंड के कारण धुंध उन पर आ बैठती है। निर्माण के कारण उडऩे वाली धूल, गाडिय़ों से निकला धुआं और खेतों में पराली जलने से उठा धुआं स्मॉग की चादर निर्मित करते हैं। धुंध, धुएं और धूल से मिल कर ठंडी हवा भारी हो जाती है और आसमान पर स्मॉग छा जाता है। वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस कारण तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। इसलिएवायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता वाजिब है।

## चिंतन-मनन

# श्रद्धा से मिलता है ज्ञान


एक बार बालक नचिकेता ने अपने पिता से कहा, आप ब्राह्मणों को जर्जर, कृशगात और अनुपयोगी गाय दान में दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं कहा कि ऐसा ठीक नहीं है परंतु पिता समझ गए कि यह मेरी निंदा कर रहा है, मेरा अनादर कर रहा है, मेरे कृत्य की भत्र्सना कर रहा है। नचिकेता ने पिता से कहा-शाप कहते हैं कि अच्छी वस्तु, अच्छी निधि तथा अच्छी संपदा का दान करना चाहिए। अगर आप दान ही कर रहे हैं तो मुझको किसे दान में देंगे ? पिता को चुप लग गया लेकिन बालक नचिकेता बार- बार टोकने लगा-पिताजी ! आप मुझे किसे दान में देंगे ? आपने यह भी विचार किया होगा कि मुझे भी किसी को दान में देंगे। इस पर पिता ने प्रोध में कहा-मैं तुझे यमराज को दान में देता हूं। आज से तू यम की वस्तु हुआ। दान की गई वस्तु कभी ली नहीं जाती और कभी लौटाई नहीं जाती। अब तू मेरा नहीं रहा। चूंकि मैं तुझे दान कर चुका हूं इसलिए तू मेरे पास नहीं रहेगा। बालक नचिकेता को यह बुरा नहीं लगा कि मेरे पिता ने मुझे कुछ कहा है। ऐसी श्रद्धा थी नचिकेता की अपने पिता के प्रति। यही श्रद्धा ज्ञानकारक बनी और नचिकेता को यमराज के द्वार पर लेकर गई। यमराज ने देखा कि यह सामान्य बालक नहीं, श्रद्धावान बालक था। जब हमारे पास श्रद्धा आती है तो वह हमें बाध्य करती है। गुरु के पास जो गुरुत्व है, साधु के पास जो साधुत्व है, संन्यासी के पास जो संन्यस्त है, गंगा के पास जो गंगत्व है,देवताओं के पास जो देवत्व है और भगवान के पास जो भगवाा है; उसके हम स्वाभाविक रूप से अधिकारी बन जाते हैं। श्रद्धावान िव्यक्त स्वाभाविक रूप से योग्यता रखता है चूंकि उसके पास तर्प नहीं होते। नचिकेता संकल्लित मन से यमराज की चौखट पर बैठ गया। यमराज ने कहातू तीन दिन से मेरे द्वार पर बैठा है, बड़ा हठी है। मांग या मांगना चाहता है ? इस पर बालक नचिकेता ने कहा-मैं मृत्यु का भेद जानने आया हूं। जन्म-मृत्यु या है, यह भेद मुझे बता दीजिए। यह सुनकर यमराज हतप्रभ हो गए। उन्होंने बालक नचिकेता के समक्ष ढेरों प्रलोभन रखते हुए कहा-तुम चप्रवर्ती सम्राट बनने, पृथ्वी पर प्रतिष्ठत और पूजित होने अथवा स्वर्ग की संपूर्ण संपदा प्राप्त करने का वर मांग लो। भला तुहारे इन प्रश्नों में या रखा है ? बालक नचिकेता ने कहा-महाराज ! मुझे यह सब कुछ नहीं चाहिए। मुझे वही चाहिए जिसके बारे में मैंने आपसे पूछा है। यमराज मजबूर हो गए। श्रद्धा उसे भी कहते हैं जिसके सामने जगत के सारे आकर्षण गौण हो जाएं। श्रद्धा का एक अर्थ यह भी है कि जागतिक आकर्षण गौण हो जाएं। श्रद्धा का एक अर्थ यह भी है कि जागतिक आकर्षण आपके सामने शिथिल हो जाएं। श्रद्धा के बल पर ही बालक नचिकेता ने सब कुछ प्राप्त कर लिया।

# कांग्रेस की बिसात में फंसती जा रही है, भाजपा ?



सनत कुमार जैन

भारत जोड़ो यात्रा के बाद से कांग्रेस और राहुल गांधी का आक्रामक स्वरूप देखने को मिल रहा है। जब भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्हें पप्पू कहा जा रहा था। मीडिया में यह भी कहा जा रहा था, कि वह जल्द ही यात्रा बीच में छोड़कर वापस आ जाएंगे। लेकिन राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा एक टी-शर्ट से पूरी की। कन्याकुमारी से कश्मीर तक उन्होंने यात्रा की। उसके बाद उनके माथे से पप्पू का कलंक हट गया। एक नेता के रूप में राहुल गांधी की पहचान मीडिया और आम जनता के बीच बनी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ा हमला गांधी परिवार पर किया था। कांग्रेस ने इसका बखूबी जवाब दिया। दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया।कांग्रेस ने एक तीर से दो शिकार कर लिए। भारतीय जनता पार्टी ने गांधी परिवार के ऊपर जो निशान साधा था। वह कोई काम नहीं आया। उल्टे कर्नाटक में इस दलित नेता के कारण भारतीय जनता पार्टी को करारी पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा के हमले से कांग्रेस में एक दलित नेता जरूर पैदा हो गया। जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। पिछले कुछ महीनो में कांग्रेस ने जिस तरह से लोक लुभावन घोषणाएं कर भारतीय जनता पार्टी को घेरने का काम किया है।उससे भी भारतीय जनता पार्टी, धीरे-धीरे कांग्रेस के बिछाए हुए जाल में



फंसती हुई नजर आ रही है। केंद्र सरकार ने रसोई गैस के दाम बढ़ाए थे। कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया। कांग्रेस ने जिस तरह से कर्नाटक में लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह के होते हुए भी कर्नाटक विधानसभा चुनाव मे भाजपा की करारी पराजय हुई। केंद्र सरकार को 300 रुपये रसोई गैस के दाम घटाने मजबूर होना पड़ा। मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने महिलाओं को 1500 रुपये देने का वचन दिया था। मध्य प्रदेश सरकार ने ताबड़तोड़ 1000 रुपये की योजना शुरू करके तथा हर महीने रुपये 250 बढाकर, नवंबर माह तक 1500 रुपए महिलाओं को देने का निर्णय लेना पड़ा। इस तरह के निर्णय का उल्लेख संपादकीय में इसलिए करना पड़ रहा है,कि जनता के पास एक संदेश भी जा रहा है। विपक्ष उनकी मांग को उठाता है, तो सरकार उनकी मांग को मान लेती है। विपक्ष यदि मजबूत नहीं होगा, तो सरकार उनकी बात नहीं मानेगी। ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर भी कांग्रेस ने लीड ली है।हिमाचल और कर्नाटक विधानसभा का चुनाव ओल्ड पेंशन स्कीम के कारण कांग्रेस ने जीत लिया। सरकारी कर्मचारियों में यह भरोसा बनने लगा कि यदि कांग्रेस की सरकार आई, तो ओल्ड पेंशन स्कीम लागू हो जाएगी। हाल ही में प्रियंका गांधी ने चुनावी सभा में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को 1 से लेकर 12वीं तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने और हर माह स्कॉलरशिप देने की घोषणा की है। इसका भी बड़ा असर आम जनता पड़ता हुआ दिख रहा है। 70 से 80 फीसदी आबादी के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं।सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को कोई फीस नहीं लगेगी। उल्टे उन्हें हर माह स्कॉलरशिप मिलेगी। इससे निम्न वर्ग, निम्न मध्यम आय वर्ग और मध्यम वर्ग के लोग प्रियंका गांधी की इस घोषणा से प्रभावित हुए हैं। प्रियंका गांधी ने जिस तरह से निशुल्क शिक्षा और स्कॉलरशिप का तीर छोड़ा है। वह ठीक निशाने पर लगा है। एक ही झटके में प्रियंका गांधी ने निम्न एवं मध्यम वर्ग की आशाओं को जगाने का काम किया है। जाति आरक्षण और महिलाओं को आरक्षण देने की मांग को लेकर राहुल गांधी जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दे रहे हैं। उससे राहुल गांधी की एक नई छवि भी बन रही है। कांग्रेस जिस तरह से आक्रामक होकर आत्म विश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। कांग्रेस की सभाओं में भीड़ बडी संख्या में उमड रही है। उससे कांग्रेस उत्साहित हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। धूप छांव की तरह तेजी के साथ राजनीति के समीकरण बदल रहे हैं। जो सत्ता पक्ष और विपक्ष को समान रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

# हमास की हरकतों से दुनिया को लेना होगा सबक

**खुलेआम बरबरतापूर्ण कत्लेआम**

**क्रूरता की हद पार मासूम बच्चों को जिन्दा आग में झौंका, महिलाओं के साथ ज्यादतियां कीं,**

**अनजान ताकत यानी सुपर पावर पर सभी को आस्था**

**कट्टरपंथियों ने अपने-अपने ढंग से परिभाषित करके आस्थावानों को**

**जुल्म, जबरजस्ती और धोखे से लाचार पर कब्जा**



इजराइल में आतंकी संगठन हमास ने खुलेआम न केवल बरबरतापूर्ण कत्लेआम किया बल्कि समूची दुनिया को इस्लामिक कानून जबरन मनवाने का धमकी भी दे डाली। हमास के कमांडर महमूद अल जहर ने एक मिनिट से अधिक के वीडियो में अपना प्रभाव बढाने का दावा करते हुए इजराइल को केवल शुरूआत बताया है। लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने तो अमेरिका को धमकी देते हुए अपने वर्चस्व की घोषणा तक कर दी। विगत 7 अक्टूबर को जिस तरह से हमास ने इजराइल में कत्लेआम मचाया, मासूम बच्चों को जिन्दा आग में झौंका, महिलाओं के साथ ज्यादतियां कीं, लोगों को बंधक बनाया, लूटपाट करके अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की, वह अब तक के आतंकी चेहरा से हटकर और क्रूरता की हद पार करने वाला था, जिससे दुनिया को डराने की कोशिश की जा रही है। हमास का अर्थ है हरकतुल मुकाबमतुल इस्लामिया है जिसे दूसरे शब्दों में इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन भी कह सकते हैं। यह संगठन फिलिस्तीन में सुन्नी मुसलमानों की एक सशस्त्र संस्था है जिसका गठन सन 1987 में हुआ था। इसके गठन में फिलिस्तीन के अलावा मिस्त्र भी शामिल हुआ था। वर्तमान में समूचा संसार मुस्लिम आतंकी संगठनों की चपेट में आ चुका है। इस्लामिक आतंकी संगठन पूरी दुनिया पर राज करने वाले पैगाम को लेकर चल रहे हैं। उनका मानना है कि अतीत में जो घोषणा की गई थी, कि धरती पर केवल इस्लाम को मानने वाले ही होंगे, उसे पूरा करने का वक्त आ गया है। सभी को शरिया मानना माना पडेगी। केवल खुदा को मानना पडेगा। मुस्लिम पध्दति से इबादत करना पडेगी। कट्टरता के तौर तरीके अपनाने पडेंगे। ईमानदाराना बात तो यह है कि इस पैगाम के पीछे दुनिया में सद्भावना, सहयोग, भाईचारा, अन्याय के विरुध्द एकजुट होकर खडे होना, अन्यायी को कठोर दण्ड, पूरे वातावरण में खुशहाली भरी शान्ति का जिक्र किया गया था। अनजान ताकत यानी सुपर पावर पर सभी को आस्था रखना पडेगी, उसके हुक्म को मानना पडेगा। सुपर पावर को देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार परमात्मा, खुदा जैसे नाम दिये गये, इबादत के ढंग बनाये गये और वे समय के साथ हस्तांतरित होते चले आये। मगर सुपर पावर की बात को कुछ कट्टरपंथियों ने अपने-अपने ढंग से परिभाषित करके आस्थावानों को समझाना शुरू कर दी। बस यहीं से परमात्मा का वास्तविक संदेश धीरे-धीरे लुप्त होकर सुनाने वाले के शब्द, मंशा और नियत बन गये। उसी का परिणाम है कि कट्टरपंथियों ने अंधविश्वास की जडों को मजबूत करके कभी स्वर्ग की अप्सरायें दिखाईं तो कभी जन्नत की हूरें। आम आवाम ने अपने धर्मगुरुओं से कभी यह नहीं पूछा कि उन अप्सराओं या हूरों को आपने देखा है, बस उनकी कही हुई बात पर यकीन करते चले गये और बन गये जेहादी, फिदायनी या फिर मजहब के ठेकेदार। कट्टरपंथियों ने सन 1985 में हिजबुल्लाह का गठन लेबनान में हुआ और इसने इजराइल को अपने निशाने पर लिया। सन 1988 में गठित हुए अलकायदा ने तो अमेरिका की नाक में दम कर रखा है। सन 1990 में लश्कर ए तैयबा का गठन पाकिस्तान में हुआ और उसने भारत सहित अनेक देशों में आतंक फैला शुरू कर दिया। सन 1994 में गठित तालिबान ने तो अफगानस्तान की सत्ता तक हथिया ली और अन्य आतंकवादी संगठनों के लिए आदर्श बन गया। सन 1999 में गठित इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस ने सीरिया और इराक में सक्रिय होकर एशिया से लेकर यूरोप तक अपनी गतिविधियां तेज कर दीं। सन 2000 में जैश ए मोहम्मद का गठन पाकिस्तान में हुआ और उसने पडोसी देशों को प्रताडित करना शुरू कर दिया। सन 2002 में बोको हरम का गठन नाइजीरिया में हुआ और उसने कट्टरता का नया अध्याय लिखना शुरू कर दिया। सन 2007 में तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान का गठन हुआ और उसने अपनी हरकतों से आम आवाम को चोट पहुचाना शुरू कर दी। सन 2010 में इंडियन मुजाहिद्दीन का गठन पाकिस्तान और बंगलादेश के कट्टरपंथियों ने किया और खूनी होली खेलना शुरू कर दी। सीरिया में अल नुस्त्रा फ्रंट नामक संगठन गठित करके इस्लाम के झंडे तले दुनिया को लाने की कोशिशें की जाने लगीं। हिज्ब उल मुजाहिदीन, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेन्ट आफ इंडिया यानी सिमी, असारुल्लाह बांगला टीम यानी एबीटी, इस्लामिक स्टेट आफ इराक एण्ड लेवेन्ट यानी आईएसआईएल, कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी यानी पीकेके, तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी यानी टीआईपी, तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेन्ट यानी टीआईएम, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेन्ट यानी ईटीआईएम, इस्लामी आन्दोल यानी आईएमयू, इस्लामिक मूवमेन्ट आफ उज्बेकिस्तान यानी एएमयू, इस्लामिक मूवमेन्ट आफ पाकिस्तान यानी एएमपी, अल शबाब जैसे अनगिनत सक्षम आतंकी संगठनों के अलावा हजारों क्षेत्रीय संगठन भी खडे हो गये जो बडे संगठनों के इशारों पर छुटपुट आतंकी हरकतें करते रहते हैं।

आतंकी संगठनों को अनेक मुस्लिम देश फितरा, जकात जैसे फंडों से सहायता ही नहीं करते बल्कि हथियारों की सप्लाई, प्रशिक्षण का प्रबंध तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण देने का काम भी करते हैं। ऐसे में इजराइल पर हमास का कत्लेआम करना दुनिया के लिए एक बानगी है जिस पर दुनिया के सभी देशों को एकजुट होकर आतंकवाद को जड से उखाड फैंकने के लिए कोशिशें करना चाहिए अन्यथा आने वाले समय में एक-एक करके हर देश में इजराइल जैसी घटनायें होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। शर्म की बात है कि इजराइल में निर्दोष लोगों, मासूम बच्चों और महिलाओं का बेरहमी से कत्लेआम करने वाले हमास से कुछ लोग बात कर-के समझौता करने की बात कर रहे हैं। आतंकियों के पक्षधरों को शायद यह नहीं मालूम कि इस्लाम के नाम पर खून की नदियां बहाने वालों के लिए मानवता, सहानुभूति और संवेदनाओं के मायने कब के कब्र में दफन हो चुके हैं। इतिहास गवाह है कि राष्ट्रीय कानूनों से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय कानून तक को हाशिये पर पहुचाकर केवल और केवल शरिया को लागू करने वालों ने दुनिया के अनेक देशों में निरीह नागरिकों की हत्यायें करके गांव के गांवों को आबादीविहीन बना दिया था। तब स्वयं का हित चाहने वाले चौधरी देशों ने तमाशबीन बनकर तालियां ही बजाईं थीं। इन कट्टरपंथी आतंकी संगठनों को आज भी अनेक देश अत्याधुनिक हथियारों की खुलेआम सप्लाई कर रहे हैं, ट्रेनिंग कैम्प लगा रहे है, धन के अम्बार पहुंचा रहे हैं ताकि आने वाले समय में दुनिया में केवल और केवल शरिया लागू हो सके। क्या यही इस्लाम का असली मकसद है, यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर दुनिया के हर इंशान को खोजना चाहिए। जुल्म, जबरजस्ती और धोखे से लाचार पर कब्जा करना, किसी भी धर्म का अंग नहीं हो सकता। हमास की हरकतों से दुनिया को लेना होगा सबक अन्यथा निकट भविष्य में सांसों पर भी आतंकियों की पहलेदारी होते देर नहीं लगेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## सैर-सपाटा

# मंदिरों का शहर हम्पी

यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में शामिल हम्पी भारत का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। 2002 में भारत सरकार ने इसे प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। हम्पी में स्थित दर्शनीय स्थलों में सम्मिलित हैं- विरूपाक्ष मन्दिर, रघुनाथ मन्दिर, नरसिम्हा मन्दिर, सुग्रीव गुफा, विठाला मन्दिर, कृष्ण मन्दिर, हजारा राम मन्दिर, कमल महल तथा महानवमी डिब्बा आदि। हम्पी से 6 किलोमीटर दूर तुंगभद्रा बांध स्थित है। कहा जाता है कि हम्पी के हर पत्थर में कहानी बसी है। यहां दो पत्थर त्रिकोण आकार में जुड़े हुए हैं। दोनों देखने में एक जैसे ही हैं, इसलिए इन्हें सिस्टर स्टोंस कहा जाता है। इसके पीछे भी एक कहानी प्रचलित है। दो ईष्यार्लु बहनें हम्पी घूमने आईं, वे हम्पी की बुराई करने लगीं। शहर की देवी ने जब यह सुना तो उन दोनों बहनों को पत्थर में तब्दील कर दिया। स्थापत्य कला विजयनगर के शासकों ने मंत्रणागृहों, सार्वजनिक कार्यालयों, सिंचाई के साधनों, देवालयों तथा प्रासादों के निर्माण में बहुत उत्साह दिखाया। विदेशी यात्री नूनीज ने नगर के अन्दर सिंचाई की अद्भुत व्यवस्था और विशाल जलाशयों का वर्णन किया है। राजकीय परकोटे के अंतर्गत अनेक प्रासाद, भवन एवं उद्यान बनाये गये थे। राजकीय परिवार की स्त्रियों के लिए अनेक सुन्दर भवन थे, जिनमें कमल-प्रासाद सुन्दरतम था। यह भारतीय वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण था। यह माना जाता है कि एक समय में हम्पी रोम से भी समृद्ध नगर था। प्रसिद्ध मध्यकालीन विजयनगर राज्य के खण्डहर वर्तमान हम्पी में मौजूद हैं। इस साम्राज्य की राजधानी के खण्डहर संसार को यह घोषित करते हैं कि इसके गौरव के दिनों में स्वदेशी कलाकारों ने यहां वास्तुकला, चित्रकला एवं मूर्तिकला की एक पृथक शैली का विकास किया था। हम्पी पत्थरों से घिरा शहर है। यहां मंदिरों की खूबसूरत श्रृंखला है, इसलिए इसे मंदिरों का शहर भी कहा जाता है। मंदिरों का शहर हम्पी मंदिरों का शहर है जिसका नाम पम्पा से लिया गया है। पम्पा तुंगभद्रा नदी का पुराना नाम है। हम्पी इसी नदी के किनारे बसा हुआ है। पौराणिक ग्रंथ रामायण में भी हम्पी का उल्लेख वानर राज्य किष्किन्धा की राजधानी के तौर पर किया गया है। शायद यही वजह है कि यहां कई बंदर हैं। हम्पी से पहले एनेगुंदी विजयनगर की राजधानी हुआ करती थी। दरअसल यह गांव है, जो विकास की रफ्तार में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के निवासियों को बिल्कुल नहीं पता कि सदियों पहले यह जगह कैसी हुआ करती थी। नव वृंदावन मंदिर तक पहुंचने के लिए नाव के जरिए नदी पार करनी पड़ती है, जिसे कन्नड़ में टेप्पा कहा जाता है। यहां के लोगों का विश्वास है कि नव वृंदावन मंदिर के पत्थरों में जान है, इसलिए लोगों को इन्हें छूने की इजाजत नहीं है। विठल स्वामी का मन्दिर हम्पी में विठल स्वामी का मन्दिर सबसे ऊंचा है। यह विजयनगर के ऐश्वर्य तथा कलावैभव के चरमोत्कर्ष का द्योतक है। मंदिर के कल्याणमंडप की नक्काशी इतनी सूक्ष्म और सघन है कि यह देखते ही बनता है। मंदिर का भीतरी भाग 55 फुट लम्बा है। और इसके मध्य में ऊंची वेदिका बनी है। विठ्ठल भगवान का रथ केवल एक ही पत्थर में से कटा हुआ है। मंदिर के निचले भाग में सर्वत्र नक्काशी की हुई है। लांगहर्स्ट के कथनानुसार-यद्यपि मंडप की छत कभी पूरी नहीं बनाई जा सकी थी और इसके स्तंभों में से अनेक को



Fig. 1.1. Hampi Temples

मुस्लिम आक्रमणकारियों ने नष्ट कर दिया, तो भी यह मन्दिर दक्षिण भारत का सर्वोत्कृष्ट मंदिर कहा जा सकता है। फर्ग्युसन ने भी इस मंदिर में हुई नक्काशी की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कहा जाता है कि पंढरपुर के विठ्ठल भगवान इस मंदिर की विशालता देखकर यहां आकर फिर पंढरपुर चले गए थे। विरुपाक्ष मन्दिर विरुपाक्ष मन्दिर को पंपापटी मंदिर भी कहा जाता है, यह हेमकुटा पहाडियों के निचले हिस्से में स्थित है। हम्पी के कई आकर्षणों में से यह मुख्य है। 1509 में अपने अभिषेक के समय कृष्णदेव राय ने गोपुड़ा का निर्माण करवाया था। भगवान विठाला या भगवान विष्णु को यह मंदिर समर्पित है। 15वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर बाजार क्षेत्र में स्थित है। यह नगर के सबसे प्राचीन स्मारकों में से एक है। मंदिर का शिखर जमीन से 50 मीटर ऊंचा है। मंदिर का संबंध विजयनगर काल से है। इस विशाल मंदिर के अंदर अनेक छोटे-छोटे मंदिर हैं जो विरूपाक्ष मंदिर से भी प्राचीन हैं। मंदिर के पूर्व में पत्थर का एक विशाल नंदी है जबकि दक्षिण की ओर भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा है। यहां अर्ध सिंह और अर्ध मनुष्य की देह धारण किए नरसिंह की 6.7 मीटर ऊंची मूर्ति है। पत्थर का रथ किंवदंती है कि भगवान विष्णु ने इस जगह को अपने रहने के लिए कुछ अधिक ही बड़ा समझा और अपने घर वापस लौट गए। विरुपाक्ष मंदिर भूमिगत शिव मंदिर है। मंदिर का बड़ा हिस्सा पानी के अन्दर समाहित है, इसलिए वहां कोई नहीं जा सकता। बाहर के हिस्से के मुकाबले मंदिर के इस हिस्से का तापमान बहुत कम रहता है। विठाला मंदिर का मुख्य आकर्षण इसकी खम्बे वाली दीवारें और पत्थर का बना रथ है। इन्हें संगीतमय खंभे के नाम से जाना जाता है, क्योंकि प्यार से थपथपाने पर इनमें से संगीत निकलता है। पत्थर का बना रथ वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। पत्थर को तराश कर इसमें मंदिर बनाया गया है, जो रथ के आकार में है। कहा जाता है कि इसके पहिये घूमते थे, लेकिन इन्हें बचाने के लिए सीमेंट का लेप लगा दिया गया है। बडाव लिंग पास में स्थित बडाव लिंग चारों ओर से पानी से घिरा है, क्योंकि इस मंदिर से ही नहर गुजरती है। मान्यता है कि हम्पी के एक गरीब निवासी ने प्रण लिया था कि यदि उसकी किस्मत चमक उठी तो वह शिवलिंग का निर्माण करवाया। बडाव का मतलब गरीब ही होता है। लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर हम्पी लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर या उग्र नरसिम्हा मंदिर बड़े चट्टानों से बना हुआ है, यह हम्पी की सबसे ऊंची मूर्ति है। यह करीब 6.7 मीटर ऊंची है। नरसिम्हा आदिशेष पर विराजमान हैं। असल में मूर्ति के एक घुटने पर लक्ष्मी जी की छोटी तस्वीर बनी हुई है, जो विजयनगर साम्राज्य पर आक्रमण के समय धूमिल हो गई। रानी का स्नानागार हम्पी में स्थित रानी का स्नानागार चारों ओर से बंद है। 15 वर्ग मीटर के इस स्नानागार में गैलरी, बरामदा और राजस्थानी बालकनी है। कभी इस स्नानागार में सुगंधित शीतल जल छोटी-सी झील से आता है, जो भूमिगत नाली के माध्यम से स्नानागार से जुड़ा हुआ था। यह स्नानागार चारों ओर से घिरा और ऊपर से खुला है। हजारा राम मंदिर हजारा राम मंदिर हम्पी के राजा का निजी मंदिर माना जाता था। मंदिर की भीतरी और बाहरी दीवारों पर बेहतरीन नक्काशी की गई है। बाहरी कमरों की छतों के ठीक नीचे बनी नक्काशी में हाथी, घोड़ा, नृत्य करती बालाओं और मार्च करती सेना की टुकडियों को दशार्या गया है, जबकि भीतरी हिस्से में रामायण और देवताओं के दृश्य दिखाए गए हैं। इसमें असंख्य पंखों वाले गरुड़ को भी चित्रित किया गया है। कमल महल हम्पी में स्थित कमल के आकार का दो मंजिला महल और इसका मुंडेर महल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। कमल महल हजारा राम मंदिर के समीप है। यह महल इन्डो-इस्लामिक शैली का मिश्रित रूप है। कहा जाता है कि रानी के महल के आसपास रहने वाली राजकीय परिवारों की महिलाएं आमोद-प्रमोद के लिए यहां आती थीं। महल के मेहराब बहुत आकर्षक हैं। हाउस ऑफ विक्टरी हाउस ऑफ विक्टरी स्थान विजयनगर के शासकों का आसन था। इसे कृष्णदेवराय के सम्मान में बनवाया गया जिन्होंने युद्ध में ओडिशा के राजाओं को पराजित किया था। वह हाउस ऑफ विक्टरी के विशाल सिंहासन पर बैठते थे और नौ दिवसीय दसारा पर्व को यहां से देखते थे। संग्रहालय कमलापुर में स्थित पुरातत्व विभाग का संग्रहालय बहुत-सी प्राचीन मूर्तियों और हस्तशिल्पों का सग्रंह है। इस क्षेत्र की समस्त हस्तशिल्पों को यहां देखा जा सकता है। हाथीघर हम्पी का हाथीघर जीनान क्षेत्र से सटा हुआ है। यह गुम्बदनुमा इमारत है जिसका इस्तेमाल राजकीय हाथियों के लिए किया जाता था। इसके प्रत्येक चेम्बर में एक साथ ग्यारह हाथी रह सकते थे। यह हिन्दू- मुस्लिम निर्माण कला का उत्तम नमूना है।

## भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने को

# नगरीय विकास महत्वपूर्ण : सीएम योगी

**संस्कार उजाला, महेश शर्मा**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन गोरखपुर महानगर को 233.20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान उनके समक्ष नगर निगम और एनटीपीसी के मध्य कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू भी हुआ। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 303 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण समारोह एवं एमओयू आदान प्रदान समारोह में कहा कि नगरीय विकास आज की आवश्यकता है। भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नगरीय विकास की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इससे लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ तो मिलेगा ही, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना भी बढ़ेगी। रविवार पूर्वाह्न नगर निगम परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 189 विकास कार्यों का शिलान्यास व 114 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके समक्ष नगर निगम एवं नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन के बीच कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान भी हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने



कहा कि स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की महती भूमिका है। गोरखपुर नगर निगम ने एनटीपीसी के सहयोग से इस दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। एनटीपीसी की तरफ से प्लांट लग जाने के बाद नगर निकायों का कूड़ा चारकोल के रूप में बिजली उत्पादन का साधन बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय विकास के क्षेत्र में अनियोजित और अवैज्ञानिक विकास की सोच ने बड़ी समस्या खड़ी कर दी थी। जगह जगह कूड़े का पहाड़ दिखता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ने इस समस्या के निदान में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन किया है। इसी कड़ी में गोरखपुर नगर निगम ने नगरीय जीवन को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ आधुनिक तकनीक से वेस्ट को वेल्थ बनाने की पहल की है। स्मार्ट सिटी बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीएम ने कहा कि सॉलिड वेस्ट का उचित प्रबंधन न होने से कूड़ा ऐसे ही यहां-वहां फेंक दिया जाता था। शहर के इंट्री पॉइंट पर कूड़े के ढेर के दर्शन होते थे। इससे सिटी के विकास पर पानी फिरता दिखता था। अब ऐसा प्लांट लगने जा रहा है जहां कूड़े से चारकोल, सीएनजी का उत्पादन होगा। एनटीपीसी के इस प्लांट से नगर निगम को 25 सालों में 600 करोड़ रुपये की बचत होगी। बचत के इस रुपये का उपयोग विकास के कार्यों में होगा। 500 टन प्रतिदिन कूड़े की जरूरत वाले इस प्लांट से नगर निगम के साथ ही जिले की तमाम नगर पंचायतों के कूड़े का भी समुचित निस्तारण हो जाएगा। इससे शहर के इंट्री पॉइंट पर कूड़ा नहीं दिखेगा और बाहर से आने वाले लोगों के मन में अच्छा संदेश जाएगा। गोरखपुर साफ और सुंदर दिखेगा तो लोगों के मन में यहां के नागरिकों के प्रति सम्मान का भाव बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि एनटीपीसी नगर निगम और सरकारी भवनों पर सोलर पैनल भी लगवाएगा और इससे सोलर सिटी के रूप में भी गोरखपुर की पहचान सुदृढ़ होगी।

## विद्युत तार की चपेट में बालक झुलसा



**संस्कार उजाला**

**कसया, कुशीनगर।** नगर के राम जानकी नगर वार्ड में एक बालक हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आकर झुलस गया। जिसका गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज गोरखपुर में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को 10 : 45 बजे को वार्ड के लिटिल फ़्लावर स्कूल के पास एक बालक आयुष सिंह पुत्र अशोक सिंह (12 वर्ष) हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आ गया तो पटाखा की तरह तेज आवाज हुई। जिससे आस पास के लोग दौड़े हुए आये। देखा कि आशीष हाईवोल्टेज विद्युत तार के पास झुलसा पड़ा है। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी, डॉ एसके सिंह व स्टाफ घायल को स्ट्रेचर पर लाद कर इमरजेंसी वार्ड में ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद जरिये एम्बुलेंस जिला अस्पताल रेफर कर भेज दिया। जहां से घायल आयुष को मेडिकल कालेज गोरखपुर इलाज के लिए भेज दिया गया। चिकित्सक के अनुसार बच्चा 60 प्रतिशत तक झुलस चुका है।

## रोटरी क्लबः डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 92वीं जयंती पर हुआ पौधारोपण



**संस्कार उजाला, दिनेश शमा**

**कुशीनगर।** कसया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 92वीं जयंती पर उनकी स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा अशोक के 20 पौधे लगाए गए।मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं रोटरी के संरक्षक राकेश कुमार जायसवाल ने डॉक्टर कलाम के विचारों के महत्व, उनके विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। रोटरी क्लब कुशीनगर अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि इस पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से हम डॉ. कलाम के राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हैं। चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि मिसाइल मैन डॉ कलाम की जयंती पर यह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर के सौंदर्यिक और पौधारोपण के माध्यम से समुदाय के सामाजिक और पर्यावरणिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ईओ संतोष कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, निदेशक अमित श्रीवास्तव, सहसचिव अखिलेश शर्मा, रक्तदान संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. सुनील सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष पाण्डेय, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, आदिल खान उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण पर योगी सरकार का फोकस

**संस्कार उजाला, अजय कुमार**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं को जनसुलभ बनाने के दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार लगातार प्रदेश के चिकित्सालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को अंजाम दे रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश के जिला चिकित्सालयों के उच्चीकरण व इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना भी बनी है और इसी को क्रियान्वित करते हुए प्रदेश सरकार अब लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल समेत 8 जिला चिकित्सालयों में 25.02 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च कर इनके कायाकल्प की तैयारी कर रही है। लखनऊ के कैसरबाग स्थित बलरामपुर जिला चिकित्सालय समेत अयोध्या के जिला चिकित्सालय, शिकोहाबाद के राज नारायण महेश्वरी संयुक्त जिला चिकित्सालय (फिरोजाबाद), बरेली के जिला महिला चिकित्सालय, जौनपुर में महिला चिकित्सालय, हाथरस के बागला संयुक्त जिला चिकित्सालय, सहारनपुर के टीबी सेनोटोरियम व बलिया के सोनबरसा स्थित 100 शैय्या युक्त चिकित्सालय में भी उच्चीकरण व इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय में 2 मदों में (10.12 व 2.40 करोड़ रुपए) कुल 12.52 करोड़ रुपए के वित्तीय आवंटन को स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त, लखनऊ के भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय बाराबंकी व मुरादाबाद के पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में भी 2.26 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति के जरिए उच्चीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। लखनऊ के कैसरबाग स्थित बलरामपुर जिला चिकित्सालय में कुल 12.52 करोड़ रुपए की लागत से 116 उपकरणों की खरीद प्रक्रिया को अंजाम देकर मेकओवर किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल में दो प्रक्रियाओं के जरिए वित्तीय आवंटन से प्राप्त धनराशि का उपयोग उपकरण खरीद के लिए किया जाएगा।

# हेल्थ एटीएम मशीन का शुभारंभ

**संस्कार उजाला, सचिन शर्मा**

कसया, कुशीनगर। ब्लडप्रेशर, मधुमेह समेत दर्जनों से अधिक प्रकार अन्य जांच कराने के लिए हेल्थ एटीएम मिल का पत्थर साबित होगा। इससे जांच रिपोर्ट के लिए अब लंबा समय इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा। उक्त बातें रविवार को हाटा विकास खण्ड के गांव महुआडीह स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र पंचायत से लगे हेल्थ एटीएम का शुभारंभ करते हुए विधायक पीएन पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गो को एक साथ बिना भेदभाव को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है



इस केंद्र पर हेल्थ एटीएम की स्थापना होने से क्षेत्र के लोगों को अब शरीर की हर प्रकार की जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा यहा पर यह सुविधा उपलब्ध हो गया है। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कहा कि इस स्वास्थ्य एटीएम से मधुमेह ब्लडप्रेशर खुन सम्बंधित सभी की जांच आसानी से हो सकता है सरकार स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही योजना को चला कर संचालित कर रही है।अध्यक्षता पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र व संचालन मण्डल अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, ग्राम प्रधान उग्रसेन मल्ल, बृजकिशोर तिवारी, उदयभान सिंह, कमलेश सिंह, अजय पांडेय, लहरी सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र मिश्रा, संजय राव, रामभरोसा, नरसिंह, नितिश कुमार यादव, शुभम दिक्षित, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, संतोष सिंह, सतीश मणि त्रिपाठी, रत्नेश श्रीवास्तव, शिवाकांत ओझा, मनोज मिश्र, डिम्पल पांडेय, सचिन पाठक, मोनू राव, बिनोद कुमार गिरि, राकेश कुमार गिरि, दिग्विजय मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे

# चौ.चरण सिंह व अजित सिंह के सपने को पूरा करने को जयंत चौधरी संघर्षरत हैं : अजीत सिंह दौला

**संस्कार उजाला**

**दनकौर ।** राष्ट्रीय लोकदल का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर किसान नेता अजीत सिंह दौला ने क्षेत्र के गांव दलेलगढ़ में अपने स्वागत सम्मान समारोह में कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व अजीत सिंह ने गरीब किसान, मजदूर, नौजवान एवं मजलूमों की संपन्नता का जो सपना संजोया था उसे पूरा करने के लिए जयंत चौधरी संघर्षरत हैं। राष्ट्रीय लोक दल के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत सिंह दौला ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय ने प्रदेश उपाध्यक्ष बना जो जिम्मेदारी देकर विश्वास जताया हैं, मैं उसे पूरी ईमानदारी और मेहनत से



पूरा करूंगा। पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा चाहे किसान की बात हो या बेरोजगार नवयुवकों के रोजगार की बात हो वह इस लड़ाई को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे और राष्ट्रीय लोकदल को पूरे प्रदेश में मजबूत करेंगे। इस मौके पर रालोद के जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि किसान की जमीन का मुआवजा सर्किल रेट का चार गुना मिलना चाहिए जिले में बेरोजगार नवयुवक को रोजगार दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी, और जब भी क्षेत्र वासियों को लोकदल के कार्यकताओं या नेताओं की जरूरत पड़ेगी लोक दल का एक-एक नेता व कार्यकर्ता क्षेत्र के सभी लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा मिलेगा। स्वागत समारोह को प्रो. बबलू सिंह रावत एडवोकेट, मनवीर भाटी, हरवीर सिंह तालान, वीरेंद्र मलिक, सुबोध चौधरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अमित भाटी, कृष्णकांत शर्मा, प्रशांत सिंह, महकार नागर, राजकुमार नागर, कहर भाटी, रणवीर भाटी, वीरपाल सिंह, अनिल चौधरी, अवनीश मंत्री, विनीत भाटी, जसवीर भाटी, ओमकार नागर, रवि पहलवान, विजेंद्र भाटी, लीलू प्रधान, राज सिंह प्रधान, मांगेराम प्रधान, ओमवीर बीडीसी, नवाब तेवतिया, राजेश्वर भाटी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनायी महाराजा अग्रसेन की जयंती

**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

हापुड़ । रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुवा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रसेन भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर अग्रसेन महाराज को भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरित किया। महाराजा अग्रसेन जयंती पर ज्ञानेंद्र गुप्ता काग्रेस नगरध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि महाराज अग्रसेन अग्रवाल जाति के संस्थापक ही नहीं, बल्कि एक महान पुरुष थे, जिन्होंने भगवान राम, कृष्ण, महात्मा बुद्ध, भगवान महावीर स्वामी की भांति अपना सारा जीवन त्याग, तपस्या, प्रेम, भाईचारा व मयार्दाओं में समर्पित कर दिया तथा हमें भी उनके जीवन से सीख लेते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। विकाश



त्यागी काग्रेस जिला महासचिव ने कहा की अग्रसेन व्यापारियों के शहर अग्रोहा के एक प्रसिद्ध भारतीय राजा थे। वह हिंदू देवता, श्री रामचन्द्र के बड़े बेटे, कुशा के वंशजों में से एक हैं। उन्हें उत्तर भारत में अग्रोहा नामक व्यापारियों के साम्राज्य की स्थापना का श्रेय दिया जाता है, और उन्हें यज्ञों में जानवरों का वध करने से इनकार करने की उनकी दयालुता के लिए जाना जाता है। ढउउ काग्रेस सदस्य नरेश भाटी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का सम्राज कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ की एक कुशल व्यक्तित्व के स्वामी भी। महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य को अट्ठारह गढ़ राज्यों में बांटकर एक विशाल राज्य बनाया था। राज्य का नाम अग्रेय गणराज्य या अग्रोदय हुआ। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को राज्य के 18 गणाधिपतियों के साथ 18 यज्ञ कराने के लिए संकल्प कराया। यज्ञों में भाग लेने गणाधिपतियों के नाम पर ही अग्रवंश के साढ़े सत्रह गोत्रो (अग्रवाल एवं राजवंशी समाज) स्थापित हुआ। अपने शासन काल में अपने राज्य में आने वाले लोगों के लिए एक रुपया एक ईंट का नारा दिया तथा समाजवाद स्थापित किया। अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। अग्रसेन जयंती पर मुख्य रूप से जिलासचिव यशपाल सिंह ढिलोर, विनोद शर्मा,विजय शर्मा, विनोद कर्दम, सुखपाल सिंह गोतम, सुरेंद्र सिंह, धर्मवीर लाला, मोहम्मद यूसुफ, हाजी मतीन अंसारी, नितिन शर्मा, आदेश शर्मा, बृजलाल पुरोहित व अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# दो अप्रैल को दलितों पर दर्ज हुए फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग

**संस्कार उजाला, तेजवीर सिंह**

**हापुड़।** दो अप्रैल संघर्ष समिति ने 17 अक्टूबर को हापुड़ में आयोजित अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में आगमन पर दो अप्रैल 2018 को दलित आंदोलन में दलितों पर दर्ज हुए फर्जी मुकदमों को वापस लेने सहित चार सूत्रीय मांगों को मानने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपेक्षा की है। नगर के गढ़ रोड मोहल्ला अंबेडकर नगर स्तिथ अंबेडकर भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष विकास दयाल ने कहा कि 17 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली रोड स्तिथ



आनंद विहार ग्राउंड में अनुसूचित वर्ग सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे हैं। समिति मुख्यमंत्री से अपेक्षा करती है कि हरियाणा व राजस्थान की तर्ज पर सरकार प्रदेश में दो अप्रैल 2018 को हुए दलित आंदोलन में दलितों पर हुए फर्जी मुकदमों को वापस लेने की घोषणा करें। इसके अलावा समिति के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से दस्तोई रोड स्थित जिला अस्पताल का नाम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर रखने, जनपद में पत्रकारों को लिए प्रेस क्लब ऑफ हापुड़ की स्थापना व भवन निर्माण जल्द कराने और जनपद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन के लिए एक भव्य भवन निर्माण कराने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा समिति की चारों मांगों को मानना दलित समाज के हित के लिए सराहनीय कार्य होगा। प्रैसवार्ता में सभासद जोरावर सिंह, लोकेश अकेला, सभासद धर्मेंद्र कुमार, कैलाश हल्द्वानी, सभासद मुकेश कोरी, अनुराग जाटव, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज सिंह, अमन सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### एचपीसीएल में सिद्धिदा प्रियदर्शीनी को मिला 17 लाख का सालाना पैकेज



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया ब्लाक में बाल विकास परियोजना अधिकारी रहे संजय कुमार की पुत्री सिद्धिदा प्रियदर्शीनी का कैम्पस सलेक्शन में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (महारत्न कंपनी) में ऑफिसर इंजीनियरिंग के पद पर 17 लाख के सालाना पैकेज पर चयन हुआ है। शुरू से मेधावी रही सिद्धिदा प्रियदर्शीनी मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर से सिविल इंजीनियरिंग की अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। उसने जीएन नेशनल पब्लिक स्कूल, गोरखनाथ, गोरखपुर से हाईस्कूल व इंटर प्रथम श्रेणी से पास किया है। देवरिया जनपद के देवतहा के मूल निवासी संजय कुमार गोरखपुर में रहते हैं। वर्तमान में बांसगांव में बतौर सीडीपीओ तैनात हैं। वर्ष 2004 तक वह कसया में सीडीपीओ रहे और सिसवा - महन्थ में अपने भाई विजय शंकर पांडेय उर्फ राजू पाण्डेय के आवास पर रहते थे। राजू पांडेय ने बताया कि एचपीसीएल का कैम्पस सलेक्शन रिजल्ट में पांच का सलेक्शन हुआ है। जिसमें प्रियदर्शनी का चयन हुआ है। प्रियदर्शनी ने इसका श्रेय अपने पिता, माता स्व0 साधना मिश्रा व गुरुओं को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। चयन पर शिक्षिका अंजना सिंह, मुकेश तिवारी, बिपिन तिवारी, अखिलेश पांडेय, अरुण वर्मा, अजय सिंह, शिवांश पांडेय, वंशिका पांडेय पीहू, सत्यप्रकाश त्यागी आदि ने खुशी जताई है।

### सभासद विजेंद्र सिंह ने किया रामलीला मैदान का किया निरीक्षण



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा - महन्थ) स्थित श्री राधा कृष्ण मठ के रामलीला मैदान में दशहरा मेले की तैयारियों को लेकर सभासद विजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ भगत व गणमान्य जनों ने निरीक्षण किया। विदित हो कि सैंकड़ों वर्षों से श्री राधा कृष्ण मठ मन्दिर परिसर के रामलीला मैदान में नवरात्र व दशहरा के अवसर पर रामलीला और मेले का आयोजन होता है। इस बार रामलीला मैदान को नपाप प्रशासन द्वारा सभासद के प्रस्ताव पर नया लुक देने को लेकर मिट्टी कार्य, बेंचेज, प्रकाश आदि की व्यवस्था की जा रही है। हर वर्ष यहां लगने वाले मेले में बिहार सहित विभिन्न जनपदों के लोग मेला करने व दंगल देखने आते हैं। सभासद श्री सिंह ने बताया कि मठ से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी है। रामलीला मैदान व मठ को शासन, प्रशासन और जन सहयोग से यपर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयास होगा। उन्होंने किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड, बलराम दास, जितेंद्र विश्व कर्मा, पहलवान हरिवंश सिंह के साथ मेला स्थल रामलीला मंच, दंगल स्थल को देखा। इस दौरान क्षेत्र के संजय सिंह, इम्तियाज अंसारी, दशई, राम आशीष शर्मा, संजय प्रसाद, सोनू भारती, बनारसी शर्मा, उमेश कुशवाहा, संजय पटेल, सफाई सुपरवाइजर राजेश रावत, राम सेवक चौरसिया, गोपाल रावत आदि मौजूद रहे।

### किसान नेता सरदार वी एम सिंह का किया सम्मान

**संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई के तत्वाधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला बिग्रेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वी एम सिंह का मवाना जाते



समय किठोर रोड पर सम्मान पत्र भेंट कर शाल,तिरंगा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया सम्मानित करने वालों में महिला बिग्रेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी,जिला सचिव प्राची खुल्लर,उप जिला प्रवक्ता लोकेश त्यागी,नगर अध्यक्ष संगीता चौधरी,जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी,जिला सचिव मुकेश प्रजापति,प्रशासनिक सदस्य हर्ष त्यागी, नवीन त्यागी,अजय वंश नारायण सिंह त्यागी,मुकुल कुमार त्यागी एडवोकेट, तरूण सिवाग आदि किसान मौजूद रहे

### कांग्रेस जनों ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



**संस्कार उजाला,**

**हापुड़।** 15 अक्टूबर दिन रविवार को कांग्रेस जनों ने देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की 92 वीं जयंती मनाई। पीसीसी सदस्य व एससी एसटी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस जन नवी करीम स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्र हुए और देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। एससी एसटी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भाटी पूर्व राष्ट्रपति को स्मरण करते हुए कहा कि कलाम साहब मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के नाम से भी जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कलाम साहब भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। साथ ही जाने माने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में भी कलाम साहब विख्यात थे। कलाम साहब ने लोगों की सिखाया कि जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो, पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। ओबीसी विभाग कांग्रेस के शहर अध्यक्ष गुलफाम कुरैशी ने कहा कि अब्दुल कलाम साहब के विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश मिसाइल मैन को याद कर रहा हैं। राष्ट्र के प्रति कलाम साहब का योगदान हमेशा अतुलनीय रहेगा। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान अजब सिंह, मुकीम खान, लिंकन, आकाश त्यागी, शमशाद अब्बासी, शांति लाल, सौरभ सिंहल, गौरव गर्ग, जस्सा सिंह, धीरज प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे.!

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

## रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.1, फरीदाबाद में था सेंटर, दो हफ्ते में तीसरी बार हिली धरती



**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में रविवार दोपहर करीब चार बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र हरियाणा का फरीदाबाद रहा। झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप की कंपन को एनसीआर के फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में भी महसूस किए गए। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा। भूंकप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है।

रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

## शनि अमावस्या महोत्सव धूमधाम एवं पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया



**नई दिल्ली ।** असोला फतेहपुर स्थित श्री शनिधाम में शनि अमावस्या महोत्सव धूमधाम एवं पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। धाम में पूरा दिन श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना करने व तैलाभिषेक करने का सिलसिला जारी रहा। धाम में रात 12 बजे महाआरती की गई और पंचामृत से शनिदेव का अभिषेक किया गया। शनिधाम के पीठाधीश्वर संत शिरोमणि महामंडेलश्वर स्वामी निजस्वरूपानंद महाराज की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने शनिदेव की आराधना करने के साथ-साथ तैलाभिषेक किया। पूजा अर्चना और तैलाभिषेक करने का सिलसिला सुबह पांच बजे ही शुरू हो गया था और पूरा दिन शनिदेव की आराधना और तैलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु की लंबी लाइन लगी रही। इस मौके पर महामंडेलश्वर स्वामी निजस्वरूपानंद महाराज ने कहा कि अमावस्या श्री शनिदेव की ही नहीं, पितरों की भी प्रिय तिथि है। इस दिन श्री शनिदेव की आराधना करने से व्यति की मनोकामनाएं पूर्ण होती है और उसकी ग्रहजनित सभी बाधाएं दूर हो जाती है।

# दिल्ली में सनसनीखेज वारदात

## ईडी अधिकारी बनकर आए बदमाश, घर से लूट ले गए 3.20 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** दिल्ली में लूट का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। बाबा हरिदास नगर इलाके में कार सवार बदमाशों ने ईडी अधिकारी बनकर 3.20 करोड़ लूट लिए। सूचना मिलने पर पीसीआर वैन ने कार का पीछा किया और नरेला में कार को रोक कर 70 लाख रुपये बरामद कर लिए। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार रात में आठ बजे कुछ खाने गए थे। तभी कार सवार पांच से छह लोग उसके घर आ गए। उन्होंने खुद को ईडी का अधिकारी बताया, बदमाश उसे लेकर मित्राऊं और सुरखपुर इलाके में दो घंटे तक घुमाते रहे और फिर घर से पैसे लेकर फरार हो गए, पुलिस ने एक आरोपी सोनीपत निवासी विक्की को पकड़ा है, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# दिल्ली में आसमान छूने लगे फलों के दाम



**नई दिल्ली।** दिल्ली में नवरात्र से एक दिन पहले फलों की कीमतों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। ज्यादातर फलों की कीमतों में 10-25 फीसदी का उछाल दिख रहा है। बाजार में अनार, केले, चीकू, पपीता, सेब, कच्चा नारियल समेत दूसरे फलों की मांग ज्यादा है। कारोबारियों का कहना है कि नवरात्र में फलों की मांग बढ़ गई है। दूसरे राज्यों से आने वाले फलों के दाम बढ़े हैं। इससे कीमतें भी बढ़ गई हैं।

लाजपत नगर में फलों की दुकान लगाने वाले दुकानदार ऋषि ने बताया कि हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड से फल महंगे पहुंच रहे हैं, जिससे फलों की कीमत बढ़ गई है। आने वाले दिनों में इसमें और भी इजाफा होगा। जबकि आरके पुरम सेक्टर एक में फलों की दुकान लगाने वाले दुकानदार राजन ने बताया कि फलों की कीमतें अभी से बढ़ी हुई हैं। आने वाले दिनों में जब मांग तेजी से बढ़ेगी, तो ज्यादा दिक्कत होगी। जनपथ से पहाड़गंज बाजार में फल खरीदने आईं सुषमा ने बताया कि व्रत के लिए फलों और अन्य जरूरत के सामान की खरीदारी करने आई हूं। फलों के दामों में एकदम से बढ़ोतरी हुई है। वहीं, ओखला फल मंडी में बदरपुर से फल खरीदने आई सिमरन ने बताया कि वह इस बार पूरे व्रत रख रही हैं। इस वजह से उन्हें फल खरीदने हैं। फल विक्रेताओं ने बताया कि सामान्य गुणवत्ता का सेब 125 से 150 रुपये प्रति किलो, संतरा 70 से 80 रुपये, अनार 130 से 180 रुपये और अंगूर 200 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। जबकि केला 60 से 80 रुपये दर्जन तक बिक रहा है। इसी तरह पपीता, सिंघाड़ा समेत तमाम फलों की कीमत में उछाल देखने को मिला है। इनकी कीमतों में 20 से 40 रुपये तक का इजाफा हुआ है। विक्रेताओं के मुताबिक आने वाले दिनों में फलों की कीमत और भी बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

## बसपा के अंबेथ राजन आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**नई दिल्ली ।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य और उत्तर प्रदेश से दो बार राज्यसभा सांसद रह चुके अंबेथ राजन, शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने पार्टी मुख्यालय में अंबेथ राजन को सदस्यता दिलाई और पटका और टोपी पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद अंबेथ राजन ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जनहित कार्यों से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की है। जिस तरह से पार्टी दिल्ली और पंजाब में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पानी के क्षेत्र में काम कर रही है, वह बेहद सराहनीय है। देश में 'आप' एकलौती ऐसी पार्टी है जो जनहित से जुड़े कार्य कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से भारत को नंबर वन देश बनाने का बीड़ा उठाया है, वह उससे काफी प्रभावित हैं।उन्होंने आगे कहा कि हम सब मिलकर भारत को नंबर वन देश बनाएंगे। अब समय आ गया है कि देश के अन्य लोगों को भी दिल्ली और पंजाब की तरह मुफ्त में बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

## शारदीय नवरात्रि पर्व झंडा वाला देवी मंदिर में नहीं चढ़ेगा प्रसाद

**नई दिल्ली ।** प्राचीन ऐतिहासिक झंडेवाला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व कल 15-10-2023 से आरंभ हो कर 23-10-2023 तक बडी धूम-धाम से मनाया जायेगा। इस अवसर के लिये सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। किसी प्रकार का प्रसाद अथवा अन्य भेंट चढाने की मनाही रहेगी। मंदिर में प्रत्येक प्रवेश द्वार पर चरण पादुका स्टैंड बनेंगे जहाँ भक्त अपने जूते चप्पल रख सकेंगे। आने वाले भक्तों के वाहन खड़े करने के लिये रानी झांसी मार्ग, फ्लैटिड फैक्ट्री परिसर में निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। पुरे मेला परिसर में 220 सी सी टी वी कैमरे लगाये गये हैं जिन की निगरानी पुलिस के सहयोग से विशेष रूप से बने एक कंट्रोल रूम से की जायेगी ताकि मेले की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखा जा सके। नवरात्र के समय हर वर्ष अलग-अलग स्थानों से भक्त मां की ज्योत लेने आते हैं उनकी हर प्रकार की सुविधा का प्रबंध मंदिर की ओर से किया जाता है। भक्तों की सुविधा के लिए झण्डेवाला मैट्रो स्टेशन से मंदिर तक ई-रिकशा द्वारा निशुल्क आने-जाने की व्यवस्था की गई है। भक्तों की सुविधा के लिए डिजिटल दर्शन की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए मंदिर की एप या वेबसाइट पर जाकर दर्शन की तिथि एवं समय बुक करवा सकते हैं जिससे इन्हें विशेष आरक्षित द्वार से प्रवेश दिया जाएगा।

## बाबरपुर में कांग्रेस की बैठक आयोजित : देवानन्द



**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद चल रही है। उसी कड़ी के तहत आज बाबरपुर जिले में मंडल सेक्टर को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष देवानंद चौधरी के निवास स्थान पर इस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें जिला कोऑर्डिनेटर बदर कुरैशी, उत्तर पूर्वी लोकसभा ऑब्जर्वर चौधरी जयकरण, पप्पू मलिक, नासिर जावेद, आरिफ, खालिद, सोहेल, रजनीश गोस्वामी, राकेश, बिट्टू, प्रमोद घनश्याम, आशु पंडित, राजकुमार शर्मा, तरुण शर्मा, सतीश गुप्ता, पिंकी गुप्ता, अल्ताफ आसिफ असलम, नूर मोहम्मद राशिद, सलीम, मेहंदी हसन, आस मोहम्मद, गुड्डू सलीम आलम, प्रधान, असलम अख्तर, नूर मोहम्मद, साबिर, जफर पहलवान, राकेश (बबलू गोस्वामी) खालिद मालिक, रौनक, मसूद आलम, मोहम्मद अशरफ सहित बूथ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं सभी ने संगठन को मजबूत करने लिए सुझाव दिए।

# मेट्रो में नहीं रुक रहीं आपत्तिजनक घटनाएं

## फ्लाइंग स्क्वॉड के हाथ अब तक खाली



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में आपत्तिजनक घटनाएं थम नहीं रही हैं। ऐसे में दिल्ली मेट्रो की फ्लाइंग स्क्वॉड व मेट्रो पुलिस आपत्तिजनक घटनाओं में शामिल लोगों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। फ्लाइंग स्क्वॉड ने अब तक एक भी आपत्तिजनक घटना में शामिल लोगों को मौके से नहीं पकड़ा है, जबकि वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई की जाती है। हाल ही में मेट्रो के अंदर एक युवती और युवक का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है, जिसमें युवक युवती के मुंह में कुल्ला कर रहा है। हालांकि, यह वीडियो किस लाइन का है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसके बावजूद कई यात्री सोशल मीडिया में मेट्रो प्रबंधन को लेकर सवाल उठा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं रोकने में मेट्रो सख्ती नहीं दिखा रहा है। इससे आए दिन अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो सामने आ रहे हैं। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में आए दिन कोई न कोई रील या फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। इससे परेशान दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) को यात्रियों को कई बार सलाह और चेतावनी देनी पड़ी है। हाल ही में मेट्रो में पोल डांस, ब्रेक डांस समेत कई आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए डीएमआरसी ने मेट्रो में रील्स बनाने पर जुमार्ने का प्रावधान रखा है। साथ ही ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। बता दें कि डीएमआरसी ने मई में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात करने का फैसला लिया था। हालांकि, डीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि स्क्वॉड के सामने अभी तक इस तरह की घटना नहीं घटी है, जिससे उसने मौके से किसी को पकड़ा नहीं है।

मेट्रो में ऐसी हरकतों पर रोक लगाने और ऐसी हरकतें करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डीएमआरसी ने फ्लाइंग स्क्वॉड की संख्या बढ़ाने और ज्यादा सघन तरीके से चेकिंग और निगरानी रखने का भी निर्णय लिया है। यात्रियों से अपील है कि अगर वे आसपास किसी को अश्लील हरकत करते देखते हैं तो ऑपरेटर को इसकी सूचना दें। -अनुज दयाल, प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन), डीएमआरसी

वीडियो वायरल होने के बाद अब तक 12 से अधिक मामलों में कार्रवाई की गई है, जिसमें नाबालिगों की काउंसिलिंग करवाई गई है। वहीं, वयस्कों की मेट्रो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। -डॉ. जी राम गोपाल राय, मेट्रो डीसीपी

## संक्षिप्त डायरी

### किशोर कुमार कि गायकी में विविधता के विभिन्न रंग : डॉक्टर महेश वर्मा

**नई दिल्ली ।** किशोर कुमार की गायकी में विविधता के विभिन्न रंग हैं। इस तरह की विविधता दूसरे गायकों में विरले ही मिलती है। यह बातेंआईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉक्टर महेश वर्मा ने कहीं। वे कल देर रात किशोर कुमार मेमोरीयल क्लब द्वारा मशहूर गायक किशोर कुमार की याद में आयोजित एक संगीतमय कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि किशोर कुमार के सदाबहार गानों को गुनगुनाते हुए हम बड़े हुए हैं। उनकी गायकी का जादू आज भी कई पीढ़ियों पर छाया हुआ है। इस संस्था के संस्थापक कमल धीमान ने बताया कि इस अवसर पर कला, संगीत एवं समाज सेवा के छेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले एक दर्जन से ज्यादा लोगों को इस अवसर पर किशोर कुमार अवार्ड से नवाजा गया। इसमें मशहूर गजल गायिका पीनाज मशानी, संगीतकार रणजीत गजमेर कांचा, क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना, बैंडमिंटन खिलाड़ी मंजुशा कंवर शामिल थे। उन्होंने बताया कि यह संस्था प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम के माध्यम से गायकी के छेत्र में उभरते हुए कलाकारों को मंच प्रदान करती है। इस अवसर पर किशोर कुमार के दुर्लभ तस्वीरों की एक फोटों प्रदर्शनी भी लगाई गई। उन्होंने बताया कि मशहूर अभिनेता देवानंद की सौ वी वर्षगाँठ पूरे देश में मनाई जा रही है। यह कार्यक्रम भी उनपर केंद्रित था।

### देशभर में लगातार बढ़ रहा है कांग्रेस का जनाधार : परमानन्द शर्मा

**नई दिल्ली ।** देश भर में कांग्रेस पार्टी का जनाधार बड़ी तेजी के साथ बदता जा रहा है। लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रगे हैं। यह कहना है राम नगर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष परमानन्द शर्मा का। परमानन्द शर्मा कहते हैं लोग मोदी सरकार से दुखी है और बदलाव चाहते हैं, लोग कांग्रेस की ओर हसरत भरी निगाहों से देख रहे हैं। परमानन्द शर्मा कहते हैं जल्दी ही मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में चुनाव होने जा रहे हैं जहां आप देखेगें भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा और सभी राज्यों में कांग्रेस की जीत का प्रचम लहराएगा। परमानन्द शर्मा कहते हैं कि राहुल गांधी की स्वीकार्यता पूरे देश में न केवल बहुत तेजी से बढ़ी है बल्कि सभी वर्गो व धर्मा के लोगां में उनकी लोकप्रियता से मोदी सरकार व भाजपा खौफ में है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी जिस तरीके से खासतौर पर गरीब वर्गों से मिलने उनके कारोबारीस्थलों पर पहुच रहे है, उससे देश के उस वर्ग में एक बार फिर कांग्रेस के प्रति विश्वास पैदा हुआ जो कांग्रेस से छिटक गया था। परमानन्द शर्मा कहते हैं भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गाँधी जनता के दिलों पर छा गए हैं। वे लगातार जनता के करीब पहुंच रहे हैं।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहुंचे बंगाली मार्केट, उनके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों के बीच मची होड़

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को दिल्ली के प्रसिद्ध बाजार बंगाली मार्केट पहुंचे। बंगाली मार्केट में उन्होंने मिठाई की दुकान पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। बाजार में राहुल गांधी जैसे ही मिठाई की दुकान के अंदर घुसे, उन्हें देखने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। जनता में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई थी। लोग उन्हें देखकर काफी उत्साहित थे। आमजनों से लगातार मिल रहे गांधीः कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी पिछले कुछ दिनों से आम जनता से मुलाकात को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले गांधी आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात करने गए थे। इससे पहले वो ओखला स्थित बाईक मैकेनिक के दुकान में और दिल्ली की एक फर्नीचर मार्केट में पहुंचे थे। उससे पहले उन्होंने अहले सुबह सब्जी मंडी जाकर सब्जी विक्रेताओं से बातचीत की थी। कुछ दिनों पहले ही वो एक खेत में गए थे और वहां जाकर धान की रोपाई भी की थी। राहुल गांधी इन दिनों राहुल गांधी जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करते हुए नजर आ रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी लगातार लोगों से मिल रहे हैं। राहुल गांधी जहां भी पहुंचते हैं उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ नजर आती है। लोगों से कर रहे बातः राहुल गांधी अपने इन कार्यक्रमों से लगातार जनता के बीच पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वो इन जगहों पर पहुंच कर लोगों से बात करने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी समस्या जानने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों को जमीनी स्तर पर किन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसे जानकर जल्द से जल्द उसके लिए जरूरी कदम उठाने का आश्वासन भी लोगों को दे रहे हैं।

### धूल प्रदूषण रोकथाम के अभियान के तहत 1108 निर्माण साइट्स का निरीक्षण, अनियमितता पर लाखों का लगा जुमार्ना



**नई दिल्ली ।** दिल्ली में प्रदूषण के नियंत्रण को लेकर एंटी डस्ट कैंपेन चलाया जा रहा है। कैंपेन के तहत टीमों ने अभी तक 1108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है। इसमें निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन पाए जाने पर 21 निर्माण स्थलों को नोटिस जारी की गई है और 8.35 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। 7 अक्टूबर से शुरू हुआ अभियान 7 नवम्बर तक चलाया जाएगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एंटी डस्ट कैंपेन की लेटेस्ट जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली में एंटी डस्ट कैम्पेन के सफल संचालन के लिए इसमें 13 विभागों को शामिल किया गया है। इनमें डीडीए, एमसीडी, डीपीसीसी, जल बोर्ड, डीएसआईआईडीसी, डीसीबी, दिल्ली मेट्रो, पीडब्ल्यूडी, राजस्व, सीपीडब्लूडी, एनडीएमसी समेत अन्य विभागों की 591 टीमें तैनात की गयी है। ये टीमें दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं और मानदंडों के उल्लंघन करने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई भी कर रही है। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 29 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। इसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, मोबाइल एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव आदि प्रमुख है। टीम रोजाना देगी रिपोटः पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एंटी डस्ट कैंपेन को लेकर पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि टीम से रोजाना रिपोर्ट लें। उन्होंने बताया कि टीमों का लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक 1108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया जा चुका है।

# शारद दुर्लभ अखण्ड यज्ञ का हुआ शुभारंभ







**संवाददाता**

**दादरी।** शारद दुर्लभ अखण्ड यज्ञ के संयोजक सदस्य ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्र पितामह महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वी0 जयन्ती पर राजार्य सभा का द्वितीय सत्यार्थ प्रकाश राष्ट्रीय महोत्सव शारद दुलर्भ यज्ञ अखिल भारतीय राजार्य सभा के तत्वावधान में कामना पूर्ण करने वाला शारदा दुलर्भ अखण्ड यज्ञ का भव्य कार्यक्रम दादी सती मन्दिर, ग्राम दुजाना, गौतमबुद्धनगर में रहा, कार्यक्रम दिनांक अक्टूबर 15.2023 दिन रविवार से अक्टूबर 24.2023 बुद्धवार तक रहेगा। कार्यक्रम गायत्री तीर्थ यात्रा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दादी सत्ती मन्दिर से होकर पुरे दुजाना गांव में सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों ने भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान ही शारद दुलर्भ यज्ञ का भव्य आयोजन मन्दिर प्रांगण में आरंभ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष- रामेश्वर सरपंच चाणक्य रहें। कार्यक्रम ध्वजा रोहण के साथ आरंभ हुआ, ध्वजा रोहण ओम पाल मास्टर प्रमुख पति बिसरख ब्लॉक एवं आर्य समाज के विद्वानों के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन में महेंद्र सिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राजार्य सभा, हुकम सिंह आर्य- प्रधान आर्य समाज दुजाना, ओमवीर आर्य एडवोकेट मुख्य सम्पादक दैनिक फ्यूचर लाइन टाईम्स हिंदी समाचार पत्र, मां ब्रहमसिह नागर, स्वामी चितेश्वरानन्द, स्वामी कर्मवीर, डॉ॰ सुरेन्द्र कुमार, लेखक विशुद्ध मनुस्मृति डॉ॰ अन्नपूर्णा, कुमारी अन्जली आर्य, देव मुनीजी, जैनेन्द्र आचार्य, करण सिंह आचार्य, महावीर शास्त्री, चन्द देव आचार्य, सोमवीर शास्त्री, ईलचन्द सिंह आर्य, मां मौजीराम, मोनू नागर भगतजी, राजकुमार आर्य, जालेन्द्र आर्य, जगवीर आर्य, लीलू आर्य, ईश्वर आर्य, डाक्टर देवेन्द्र आर्य चरण सिंह नेता जी, दिवाकर आर्य, सतवीर आर्य, ब्रह्म पाल नम्बरवार, यशवीर भगत, श्रीनिवास आर्य, सागर आर्य, कमल आर्य, मुलचन्द शर्मा, पंडित महेन्द्र आर्य, विजेन्द्र आर्य, गिरीश मुनी, उदय मुनी, यशपाल आर्य, किशन पाल आर्य, महावीर आर्य, रमेश बंसल उपस्थित रहे।

## सेक्टर डेल्टा 2 में पिछले 15 से 20 दिनों से पानी का प्रेशर बहुत कम और गंदा आ रहा है



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** सेक्टर डेल्टा टू आर डब्लू ए महासचिव आलोक नागर ने बताया सेक्टर डेल्टा 2 में पिछले 15 से 20 दिनों से पानी का प्रेशर बहुत कम और गंदा आ रहा है जिसकी वजह से सेक्टर निवासियों में भारी रोष है और संबंधित जल विभाग अधिकारी गण उपरोक्त जल की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। निरंतर समस्या आने पर स्थाई हल न ढूंढ पाना बहुत ही निराशाजनक है। एक ऐसी व्यवस्था या सुविधा जिसका आवंटी समय से पहले भुगतान करता है फिर भी वह सुविधा ना मिले तो यह एक उपभोक्ता के अधिकारो का हनन है। और विभाग का नकारापन है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो सेक्टर जल का भुगतान नहीं करेंगे और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## कांशीराम कालोनी के निवासियों ने प्राधिकरण पर बोला धावा, किया प्रदर्शन



**संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा सैकड़ों लोगों की जन भावनाओं से खिलवाड़ करते हुए सेक्टर 45 स्थित कांशीराम आवासीय कॉलोनी की जमीन बिल्डर को बेचने के खिलाफ उठा जनआक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को सैकड़ों कॉलोनीवासी बसों में सवार होकर नोएडा प्राधिकरण के गेट पर पहुंचे तथा वहां जमकर धरना-प्रदर्शन किया। खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था। कॉलोनी वासियों को आने-जाने में भी हो रही दिक्कत कांशीराम कॉलोनी वासियों का कहना है कि 2010 में शासन ने गरीबों के लिए सेक्टर-45 में कांशीराम आवासीय कॉलोनी बनाई थी। उसके पास ही कांशीराम कॉलोनी के विस्तार तथा विद्यालय, सड़क व अन्य निर्माण के लिए तकरीबन 20 हजार वर्ग मीटर जमीन छोड़ रखी थी, लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने करीब 19290 वर्गमीटर जमीन दिल्ली के एक बिल्डर को बेच दी। बिल्डर ने न सिर्फ जमीन पर कब्जा करके निर्माण शुरू कर दिया, बल्कि कांशीराम कॉलोनी के सिक्योरिटी गार्ड रूम को भी तोड़ दिया तथा कॉलोनी के गेट को भी बंद कर दिया। जिससे कॉलोनी वासियों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सीईओ तथा पुलिस और प्रशासन से कर चुके शिकायत कॉलोनी के लोगों ने सीईओ के अलावा पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों से भी शिकायत की थी, लेकिन उन्हें कहीं भी न्याय नहीं मिला। अंत में परेशान होकर कॉलोनी के लोगों ने बिल्डर द्वारा बंद किए गए गेट को तोड़ दिया तथा सैकड़ों की संख्या में धरने पर बैठ गए। आज सभी कॉलोनीवासाी बस में सवार होकर नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे। खबर लिखे जाने तक कॉलोनीवासियों का प्रदर्शन जारी था।

## फर्जी मुआवजा वितरण मामले में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों सहित कई के खिलाफ मामला दर्ज




**संवाददाता**

**नोएडा, ।** गेझा तिलपता गांव में कथित तौर पर फर्जी तरीके से करोड़ों रुपये के मुआवजा वितरण के 11 मामलों में थाना फेज-वन में प्राधिकरण के अधिकारियों सहित कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंद्र ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के विधि अधिकारी सुशील भाटी ने इस मामले में थाना फेज-वन में दिलीप सिंह, भुल्लर, गोपी, विद्यावती, सोहनलाल, रामरिक, महेंद्र राम, हंसराज, राम रतन, हो राम व प्राधिकरण के कुछ अधिकारियों को नामजद करते हुए मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2015-16 में बांटे गए मुआवजे में प्राधिकरण के अधिकारियों ने मिलीभगत करके 11 मामलों में भूमि मालिकों को गलत तरीके से मुआवजे का लाभ दिया। उन्होंने बताया कि दर्ज किये गए मामले में प्राधिकरण के विधि विभाग के कई अधिकारी भी नामजद किये गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राधिकरण के अधिकारियों पर धोखाधड़ी सहित भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा भी लगाई गई है। चंद्र ने बताया कि इस मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए उत्तर प्रदेश के राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष, मेरठ के आयुक्त और अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ के नेतृत्व में एक दल का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि एसआईटी के अधिकारियों ने तीन दिन तक फाइल खंगालीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा मामला झूठे तथ्यों के आधार पर मुआवजे के वितरण का है जिसमें बिना जांच के फाइल आगे बढ़ती रही और मुआवजा बंटता रहा। सभी मामलों में भूमि मालिकों ने प्राधिकरण में झूठी अपील संख्या और अन्य तथ्य प्रस्तुत करते हुए मुआवजे की मांग की।

# ग्लोबल हैंडवाश डे पर संकल्प संस्था ने स्वच्छता के बारे में दी जानकारी



**संवाददाता**

ग्लोबल हैंडवाश डे पर संकल्प संस्था द्वारा आज झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली महिलाओं व बच्चो को हाथ धुलने के सही तरीके के बारे में जानकारी दी।। संकल्प संस्था टीम ने गरीब बच्चों को हेल्थ और हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक किया और डेटोल कंपनी के माध्यम से साबुन वितरित किया। संस्था के संस्थापक भूपेन्द्र नागर व महासचिव अमित नागर ने कहा कि संकल्प संस्था के इस प्रयास से समाज में स्वस्थ और स्वच्छ जीवन के महत्व को समझाने में मदद मिलेगी और गरीब बच्चों को साफ सफाई की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

इस अवसर पर संकल्प संस्था के संस्थापक भूपेन्द्र नागर,महासचिव अमित नागर,उपाध्यक्ष जगवीर शर्मा,प्रवक्ता नरेश खारी,सचिव सनी नागर,वरिष्ठ प्रबन्धक अदनान उस्मानी,दादरी ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र,उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा व महासचिव पंकज नागर सहित डेटोल कंपनी से विकेश राणा,संदीप भड़ाना व रूपेंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन




**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में दिनांक 14 अक्टूबर को एक मानसिक स्वास्थ्य रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर विश्वास त्रिपाठी ने झंडा दिखाकर किया एवं रैली में शामिल सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ाया।जिसमें विभाग के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा एक जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभाग के लगभग 300 लोग विभिन्न संख्याओं में जाकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाएं एवं इस वर्ष का थीम ₹मानसिक स्वास्थ्य लोगों का एक यूनिवर्सल अधिकार है₹ के प्रति सबको सचेत किया। लगभग दो घंटे जागरूकता रैली के बाद सभी छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से कॉलेज जीवन में बच्चे गलत संगत का शिकार ना हो एवं किसी तरह के व्यसन के आदि ना हो इस पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ आनंद प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय प्रशासन माननीय कुलपति प्रोफेसर आरके सिन्हा, कुल सचिव डॉक्टर विश्वास त्रिपाठी, संकाय अधिस्थापक प्रोफेसर वंदना पांडे एवं मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक डॉक्टर पूजा कुमारी, डॉक्ट नेहा शर्मा, डॉक्टर अशिफया एवं अन्य का आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त डायरी

### कालकाजी से माता की ज्योत लेकर लौटे रहे चार लोगों को रोडवेज बस ने कुचला



**संवाददाता**

**नोएडा, ।** नोएडा के बादलपुर थानाक्षेत्र में बिश्नौली गांव के पास एक रोडवेज बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कालकाजी से ज्योत लेकर सिकंदराबाद के कुछ लोग आज सुबह वापस लौट रहे थे और जब वे बिश्नौली गांव के गेट के पास पहुंचे, एक अज्ञात रोडवेज बस ने चार लोगों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि चारों घायलों को एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां आकाश (20) नामक एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। आकाश बुलंदशहर जनपद के सिकंदराबाद थानाक्षेत्र के जुनेदपुर गांव का रहने वाला था। प्रवक्ता ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा जान पड़ता है कि रोडवेज बस का चालक तेजी और लापरवाही से वाहन चला रहा था।


### गैस सिलेंडर में विस्फोट, पांच लोग झुलसे



**संवाददाता**

**नोएडा, ।** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में शनिवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से पांच लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भूप सिंह भडाना के मकान में किराए पर रहने वाले रणबीर (24 वर्ष) पूर्वाह्न 11 बजकर करीब 30 मिनट पर अपने घर पर समोसा बना रहे थे। समोसा बनाते समय एक छोटा गैस सिलेंडर फट गया, जिसकी चपटे में आकर घर में मौजूद गुड़िया (32 वर्ष), माया (25 वर्ष), मालती (50 वर्ष), विजय (32 वर्ष) और रणधीर (24 वर्ष) सहित पांच लोग झुलस गए। पुलिस ने बताया कि उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों में दो की हालत नाजुक बनी हुई है।

### रोजाना चेकिंग के बाद ही संचालित होंगे नोएडा के रामलीला मेले में लगे झूले



**नोएडा, ।** नोएडा के स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे रामलीला मेले को लेकर आयोजकों को प्रशासन के कड़े नियमों ने पसीने दिला दिए हैं। मेले में लगने वाले झूलों का संचालन तब तक नहीं होगा, जबकि तक उनकी रोजाना चेकिंग और टेस्टिंग ना कर ली जाए। झूलों की रोजाना कई बार चेकिंग होगी। आपको बता दें कि यूपी में पिछले दिनों आयोजित हुए मेलों में लगे झूले टूटने के कई हादसे हो चुके हैं। यही नहीं नोएडा के सेक्टर 45 में लगे सोम बाजार में भी करीब पंद्रह दिन पहले एक झूला टूट गया था, जिसमें एक वृद्धा की मौत हो गई थी। हादसों का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को सख्त हिरायत दी है। सुरक्षा मानकों को पूरा करने वाले झूलों को ही संचालन की अनुमति दी गई है। मेला कमिटी के महासचिव संजय बाली ने बताया कि हर झूले के मालिक को प्रशासन द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट मिल गया है। साथ ही हर रोज संचालन से पहले झूलों को एक बार चेक जरुर किया जाएगा। आपको बता दें कि जब कोई भी झूला मालिक अपने झूलों को किसी मेले में लगाता है तो उसके लिए उसे प्रशासन से फिटनेस सर्टिफिकेट लेना पड़ता है। इसके बावजूद कई बार हादसे हो जाते हैं। 15 अक्टूबर से रामलीला और उसमें बड़े बड़े झूलों को हर बार की तरह लगाया गया है। कोई हादसा ना हो इस बाबत मेला कमेटी के महासचिव संजय बाली ने बताया कि सभी झूला मालिकों को फिटनेस सर्टिफिकेट मिल गया है। छोटे झूले छोटे बच्चों के लिए तथा बड़े झूले सिर्फ बड़ों के लिए ही खोले जाएंगे। हर रोज झूलों को चलाने से पहले एक बार हर तरह से चेक करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### बीकानेर और जोधपुर के कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन



**ग्रेटर नोएडा, ।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा भव्य रामलीला का मंचन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अक्टूबर से किया जाएगा। रामलीला में राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। रामलीला को भव्य स्तर पर आयोजित करने के लिए श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। ग्रेटर नोएडा के बिरौंडी गांव में आयोजित प्रेसवार्ता में कमेटी के संरक्षक गोस्वामी सुशील महाराज एवं अध्यक्ष आनंद भाटी ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। दोनों पदाधिकारी ने बताया कि रामलीला का मंचन 15 से 24 अक्टूबर तक होगा, जिसमें राजस्थान के बीकानेर व जोधपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। रामलीला में हस्तशिल्प कलाकारों द्वारा एक विशाल मेले का आयोजन किया गया है। रामलीला के मुख्य संस्थापक गोस्वामी सुशील महाराज ने बताया कि इस वर्ष रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को 50 से 60 फीट का बनवाया गया है जिनका दहन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि रामलीला बेहतर एवं अच्छी हो इसके लिए सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। प्रेसवार्ता में राजकुमार नागर, शेर सिंह भाटी, हरवीर मणि, प्रदीप शर्मा, ममता तिवारी, अजय नागर, धीरेंद्र भाटी, बालकृष्ण, सुशील नागर, महेश शर्मा, जितेंद्र भाटी, वीरेंद्र शर्मा, श्रीमती रोशनी सिंह, उमेश गौतम, सतबीर मुखिया, मनोज गुप्ता, चैन पाल प्रधान, सुनील खारी, नवनीत गुप्ता, फिरे प्रधान, प्रवीण भाटी, श्रीमती विमलेश रावल, मयंक, योगेंद्र भाटी, वीरपाल मावी एवं पवन नागर आदि मौजूद रहे।

# सचिन बैसला का ग्राम आगाहपुर में हुआ भव्य स्वागत



**संवाददाता**

**नोएडा,** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले ज्वाइंट सैकेटरी सचिन बैसला का ग्राम आगाहपुर में गाँव के बुजुर्गों व युवाओं ने पगड़ी, शाल , फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। फिर सचिन ने आगाहपुर गाँव की दो बेटियाँ एक जिया बैसोया ने कराटे में गोल्ड मेडल व दूसरी मान्या चौधरी ने ताईक्वान्डो में गोल्ड मेडल प्राप्त किये है उनका सम्मान किया व उनके भविष्य के शुभकामनाएँ दी । सम्मान समारोह की सभा की अध्यक्षता चौधरी ब्रहमसिंह मास्टर ने की व संचालन भाजपा नेता सौरव बैसोया ने किया । स्वागत सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता राजबीर मुखिया ने कहा कि सचिन बैसला की जीत पर हम सभी ग्राम वासियो को बहुत खुशी हुई है सचिन ने दिल्ली विश्वविद्यालय में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर नोएडा वासियो का सर गर्व से ऊँचा किया है एबीवीपी के टिकट पर चुनाव लड़ कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर सचिन ने दिखा दिया कि सचिन आगे चलकर बहुत बड़ा नेता जरूर बनेगा । ऐसा हम नोएडा वासियो को उम्मीद भी है और हमारा आशीर्वाद भी है. भाजपा नेता सौरव बैसोया ने इस मौके पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सचिन बहुत मेहनती व उर्जवान छात्र नेता है हमारे युवाओं को सचिन से बहुत सीखने की जरूरत है इन्होंने अपनी मेहनत के बलबूते यह मुकाम हासिल किया है । सचिन बैसला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस भव्य स्वागत के लिए सभी का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया कहा कि इतना प्यार, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए सभी का हृदय आभार प्रकट करता हूँ और कहा कि यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मंच है क्योंकि इस मंच पर मेरी दो बहन बैठी है जिनका सम्मान करने का मुझे मौका मिला और मैं अपने युवा साथियों से कहना चाहता हूँ जो भी लक्ष्य बनाओ उसी पर पूरी लगन और मेहनत से लग जाओ सफलता जरूर मिलती है । नोएडा के जो छात्र डीयू में मेरे लायक कुछ भी मदद चाहते हैं उसको पूरी मदद देने के पूरा प्रयास करूँगा । इस मौके पर मुख्य रूप ज्ञानचंद दरोगा, चौधरी बीसी प्रधान, बीरसिंह, जसवीरसिंह,नवल प्रधान,हरबीर बाबा, रविन्द्र चौधरी,नरेंद्र प्रधान, लीलू नेताजी,मांगेराम नेताजी, इंद्राज खटाना, विजयपाल बैसोया, नरेश बैसोया, कर्मवीर बैसोया, देवेन्द्र बैसोया,योगेश डागर, प्रवीण बैसोया, राजा बैसोया, अनिल बैसोया, रहीसुद्दीन, सुरेंद्र बंसल, अनिल प्रजापति,उमेश गुप्ता इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

### राज भवन मार्च के लिए निकले उपेन्द्र कुशवाहा को पुलिस ने रोका

# नीतीश के विरोध में लगाए नारे

पटना। जातीय गणना के आंकड़े प्रकाशित होने के बाद उपेन्द्र कुशवाहा ने जाति जनगणना के आंकड़ों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वह अपने समर्थकों के साथ राजभवन मार्च के लिए गांधी मैदान से निकले लेकिन उन सब को पटना पुलिस ने डाक बंगला चौराहा पर रोक दिया। पटना पुलिस ने विधि व्यवस्था का हवाला देते हुए उपेंद्र कुशवाहा के काफिले को डाक बंगला चौराहे से आगे नहीं बढ़ने दिया। उसके बाद उपेंद्र कुशवाहा अपने समर्थकों और वरीय नेताओं के साथ बीच चौराहे पर ही बैठ गए और महागठबंधन सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। उपेन्द्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विरोध करते हुए कहा कि जातीय गणना में सभी जाति का आंकड़ा जानबूझकर गलत बताया गया है। चुनावी लाभ पाने के लिए नीतीश कुमार ने कुशवाहा समाज समेत कई जातियों का गलत आंकड़ा पेश किया है। जातियों की संख्या के साथ छेड़खानी की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सर्वे टीम ने घर में ही बैठकर जाति जनगणना का आंकड़ा पेश किया है, इसलिए हमारी मांग है कि फिर से सर्वे कराया जाए और जातीय



गणना के आंकड़े को सही ढंग से पेश किया जाए। उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि मेरा दावा है कि आंकड़ा गलत है। उन्होंने कहा कि किसी से पूछ कर संपत्ति का आंकड़ा कैसे जुटाया जा सकता है। परिवार में कितने सदस्य हैं यह बात गांव का लोग बत्रा देगा। कोई परिवार किस जाति का है यह भी गांव वाला बता देगा लेकिन उनकी कितनी संपत्ति है? उसके कहाँ कहाँ क्या क्या व्यवसाय और कहाँ कहाँ उसके अन्य घर मकान हैं. यह कोई दूसरा व्यक्ति कैसे बता सकता है? और जब इस तरह का आंकड़ा नहीं जुटाया ही नहीं गया तो यह आंकड़ा सही कैसे हो गया। सरकार के द्वारा दिया गया आंकड़ा सही नहीं है यह मेरा दावा है। उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि जाति जनगणना का जो आंकड़ा प्रकाशित किया गया है वह घर में बैठकर बना लिया गया है। इसको लेकर हर जगह से शिकायत मिल रही है कि उनके गांव में कोई गया ही नहीं। उनके यहां जाकर किसी ने कुछ पूछा ही नहीं। ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट है कि घर में बैठकर आंकड़ा बनाया गया जो कहीं से दुरुस्त नहीं हो सकता है। उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि यह सिर्फ जातीय गिनती का सवाल नहीं है आर्थिक सर्वे करने की भी बात कही जा रही है। लेकिन असल में आर्थिक सर्वे तो और भी मुश्किल है। परिवार के सदस्यों की गिनती कोई भी बता देगा लेकिन किसके कितने बैंक खाते हैं और किन खातों में कितना रुपया है यह कोई भी कैसे बता देगा। गांव से बाहर किसकी कितनी संपत्ति है यह कौन बताएगा। यह आंकड़ा तो वही बताया जिसकी संपत्ति है। और जब ऐसा कोई सर्वे हुआ ही नहीं तो फिर कैसे इनका आंकड़ा सही हो जाएगा। इसी की सुधार के लिए राज्य सरकार से हमारी मांग है कि सरकार पर ध्यान दे। हम महामहिम राज्यपाल महोदय से जाकर मिलेंगे और कहेंगे कि आप इसमें हस्तक्षेप कीजिए।

## दशहरा में शिक्षकों पर छुट्टी रद्द करने पर भाजपा का सरकार पर हमला



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमलावर है। अब नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बिहार सरकार द्वारा दुर्गा पूजा में शिक्षकों और कर्मचारियों की छुट्टी रद्द करने पर निशाना साधा है। गया में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर कहा कि यह तानाशाही रवैया है। हिन्दुओं के पर्व पर इस तरह का निर्णय उचित नहीं है। शिक्षा में सुधार चाहते हैं तो बदलाव और सुधार किसी के आस्था पर चोट करके नहीं करनी चाहिए। प्रशिक्षण दे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दें। कभी कृष्ण जन्माष्टमी पर छुट्टी रदद् तो दुर्गा पूजा पर रदद् की जाती है यह सुधार की प्रवृत्ति नही है।

यह मंशा को दिखाता है। सुधार के नाम पर समस्या और झमेला खड़ा करते है। शिक्षकों को सिर्फ अपमानित करने का वातावरण बना रहे हैं। बिहार में फिलिस्तीन के समर्थन में सड़कों पर उतरने वाले लोगों के सवाल पर विजय सिन्हा ने कहा कि जिन जयचंदों की जमात अपने राष्ट्रवाद पर चोट करता है और देश के अंदर इतनी स्वतंत्रता जिन जयचंदों को मिली है। आतंकवादियो के पक्ष में भारत कभी खड़ा नहीं हुआ है। यह लोग देश के हितैषी नहीं हो सकते हैं। ऐसे लोग तुष्टिकरण की राजनीति से चंद वोट को प्राप्त करने के लिए सत्ता में लोलुपता के कारण राष्ट्र को कमजोर कर रहे हैं। ऐसे राजनीति करने वालों का बहिष्कार करना चाहिए। विजय सिन्हा ने कहा कि वाराणसी, अयोध्या का स्वरूप कैसे बदला है और गया धाम जहां कई धर्मो का एक संगम स्थल बना है।इसका भी परिवर्तन करने की जरूरत है। महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में रेप और हत्या की घटना बढ़ी है। सामाजिक कार्यकताओं की हत्या की जा रही है। बालू, दारू और जमीन माफिया अपनी समानांतर सरकार चला रहे हैं। सरकार में बैठे लोग इनके संरक्षक बने हैं जो भ्रष्ट्र मंत्री और विधायक के बारे में शिकायत की है। लोग जंगलराज से गुंडा राज में तब्दील करने में लगे हैं।

## तेजस्वी क्या देंगे जवाब, शिशु वार्ड में डॉक्टर की गैर मौजूदगी में नवजात की गई जान

**वैशाली।** हाजीपुर के सदर अस्पताल में नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही की वजह से नवजात की मौत हुई है। अस्पताल में हंगामा होने की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाबुझा कर हंगामे को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि पटोरी थाना क्षेत्र के धमौन निवासी बबलू कुमार की पत्नी सीमा कुमारी को शनिवार की रात सदर अस्पताल में डिलिवरी के लिए भर्ती कराया गया था। करीब सवा आठ बजे सीमा को बेटा हुआ। इसके बाद स्वजन डाक्टर के चैम्बर में खोजने गये। काफी इधर



उधर खोजने के बाद ही डॉक्टर नहीं मिले। करीब एक घंटे के बाद सदर अस्पताल में डाक्टर पहुंचे और नवजात को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि बच्चे के जन्म के समय अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे, यह डॉक्टर की लापरवाही है। बिदुपुर के मझौली निवासी सोनू ने बताया कि बहन को सदर अस्पताल में डिलिवरी के लिए शनिवार की रात भर्ती कराया था। उन्होंने बताया कि करीब सवा आठ बजे बेटे को जन्म लिया। जन्म के कुछ ही देर बाद अचानक बच्चे की तबियत बिगड़ गई। आननफानन में सभी लोग डॉक्टर को खोजने लगे लेकिन उस समय अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल जाए और यह देखा जाय कि उस वक्त अस्पताल में डॉक्टर थे या नहीं। उनका कहना है कि जिस डॉक्टर की लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत हुई है उस दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की जाए। इस मामले की जांच वैशाली सिविल सर्जन खुद करें। हालांकि नगर थाने की पुलिस लोगों को समझाने बुझाने में लगी रही, लेकिन परिवार वाले मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं। सीसीटीवी देख कर दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई करने की बात पर अड़े हैं।

## पैमार नदी में डूबीं दादी-पोती

गया। बिहार के गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड में स्थित पैमार नदी में डूबने से दादी-पोती की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों पीतल का लोटा बहने से बचाने की कोशिश कर रही थीं। इसी दौरान दोनों नदी में डूब गईं। इसके बाद वहां मौजूद ग्रामीणों ने दोनों के शव बाहर निकाले। घटना की सूचना के बाद गांव में कोहराम मच गया। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, गया जिले के फहतेपुर थाना क्षेत्र के गोइनिया



गांव के निवासी दिवंगत पोखा साव की पत्नी लालपरी देवी (65) अपनी पोती सोनाली कुमारी (10) के साथ जितीया पर्व की मूर्ति विसर्जन करने पैमार नदी गई थीं। मूर्ति विसर्जन के दौरान पीतल का लोटा पानी में बहने लगा। लोटे को बचाने के लिए सोनली गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। पोती को बचाने के दौरान दादी भी पानी में डूब गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना भरौटा पंचायत की मुखिया अनिता देवी को दी। मुखिया की सूचना पर टनकुप्पा बीडीओ सीओ को घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद से नदी से दादी-पोती का शव बाहर निकाला गया।

## संक्षिप्त डायरी

### कब्र से चार दिन बाद निकाली गई महिला की लाश, मौत से पहले भी घर से बाहर कम दिखती थी



**बेतिया।** एक महिला की मौत के चार दिन बाद कब्र से दुबारा उसकी लाश निकाली गई। पुलिस अब उस शव का पोस्टमोर्टम करा रही है। क्यों कि महिला के परिजनों का कहना है कि उस महिला की मौत किसी बिमारी से नहीं हुई है बल्कि उसकी हत्या की गई है। महिला के ससुराल वालों ने बुधवार को उसकी लाश को दफन कर दिया था। मामला शिकारपुर थाना क्षेत्र के गौरीपुर अमवा टोला की है। इस मामले में शिकारपुर थाना अध्यक्ष रामाश्रय यादव का कहना है कि ने बताया कि मृतका की मां आसमा खातून ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में उसने अपने दामाद नुरैन मियां समेत 6 लोगों को आरोपित किया है। प्राथमिकी के अनुसार मृतका की मां का आरोप है कि 12 साल पहले नुरैन से शादी हुई थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से तीन बच्चे हैं, जिसमें दो बेटा और एक बेटी है। शादी के बाद से ही उसकी बेटी को दहेज में बाइक के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। 10 अक्टूबर की रात में पति एवं ससुराल के लोगों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि महिला की मौत गंभीर बीमारी से हुई है। वह बहुत दिनों से बीमार थी। घर से बाहर नहीं निकल रही थी। इलाज कराने जाते वक्त उसको देखा जाता था। पुछने पर घरवाले कैंसर होने की बात कहते थे। मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। बुधवार को उसकी मैयत में मायके वाले भी शामिल थे। शव को दफनाने के बाद सभी लोग घर लौट आये। घर पर आकर इलाज में लापरवाही करने की बात पर मृतका के मायके वालों एवं ससुराल वालों में बहस होने लगी और इस दौरान दोनों के बीच काफी तूतू-मैंमैं होने लगी। इसके बाद मायके वाले बोलेरो से उसी दिन संध्या में अपने घर चले गए। गुरुवार को मालूम हुआ कि मायके वाले थाना पहुंचे हुए हैं और हत्या का केस करने जा रहे हैं। आवेदन देने के बाद शनिवार को मजिस्ट्रेट सतीश कुमार की मौजूदगी में पुलिस गौरीपुर अमवा टोला पहुंची और मृतका सितारा खातून के शव को कब्र खोदकर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया।

### बच्चों के नृत्य को देख आईएएस चौधरी बोलीं: भारतीय संस्कृति को ऐसे ही प्रयासों से जीवित रख रही नई पीढ़ी



**पटना।** शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या यानी शनिवार को बिहार के फेमस डांस स्कूल नृत्य मालिका डांस अकादमी ने अपना वार्षिकोत्सव शनिवार को कालिदास रंगालय में धूमधाम से मनाया। अकादमी की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने मनोरम शास्त्रीय नृत्य का आयोजन किया। इतनी क्रम में उम्र में मनमोह लेने वाले नृत्य देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सीनियर आईएसए नीलम चौधरी और मुख्य अतिथि डॉ. राज कुमार नाहर ने कहा कि नृत्य मालिका अकादमी के कलाकारों के प्रदर्शन ने मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों में अद्भुत क्षमता है। यह हमारे देश के भविष्य हैं। आज उनका प्रदर्शन देखकर लगा रहा कि ऐसा नृत्य अद्वितीय है। इनकी प्रभावशाली प्रदर्शन तो मानो भारतीय संस्कृति और समृद्धि सभ्यता का साक्षात दर्शन है। नृत्य निदेशक रामचंद्र गोल्डर ने बातया कि गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना, पंचलड़ाई आलारिपुर, मिश्रा आलारिपु, किर्तनम परेशारव जननि, नानी तेरी मोरनी, पारस तिल्लना, जूबि-डूबि, मोरी वंशी, कान्हा सोजा जरा, समेत कई गीतों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। ऐश्वर्या ज्योति, भावनी, शैली, इशानी, वैष्णवी, जहान्वी, आरना, भूमि, नव्या, अर्णिका, शादमा, नायरा, सानिध्या, साक्षी, परिधि, शताक्षी, अद्विका, श्वेता, प्रत्यक्षा, नित्या, रवीना, पूनम, प्रभा, रिंकी, अनीता, आरोही ने अपने डांस से बच्चों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

### पुलिस जीप ने सोए व्यक्ति को कुचला

**सीवान।** बिहार के सीवान में पुलिस जीप ने एक व्यक्ति को सोए हुए अवस्था में कुचल दिया। उसके बाद पुलिसकर्मी उस व्यक्ति को गंभीर अवस्था में अस्पताल छोड़कर भाग गए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सीवान जिले की हुसैनगंज पुलिस गश्ती दल पर निकली हुई थी। उसी दौरान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छोटकी बधौनी गांव के पास एक सोए हुए व्यक्ति पर पुलिस ने जीप चढ़ा दी। घायल व्यक्ति की पहचान छोटकी बधौनी गांव निवासी सुदर्शन बिन के रूप में हुई है। वहीं, सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे समाज श्री श्रीनिवास यादव। श्रीनिवास यादव ने बताया कि पुलिस जीप घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल छोड़ कर भाग गई है। उसके बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का इलाज कराया। पुलिस जीप चढ़ने से सुदर्शन बिन का पैर फ्रैक्चर हो गया है। डॉक्टरों ने उसे पटना रेफर कर दिया है। इस पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि अनिल बाबू दरोगा गश्ती दल लेकर निकले हुए थे।

# 40 साल के दरिंदे को लोगों ने जमकर पीटा

### अब कर रहे फांसी की मांग, वजह जानकर खून खौल जायेगा आपका

**बेगूसराय।** एक 40 वर्षीय दरिंदे ने चार साल के मासूम बच्ची को अपने हवस का शिकार बनाया। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मामला वीरपुर थाना क्षेत्र के कारीचक गांव की है। ग्रामीणों का कहना है कि घटना शनिवार शाम की है जब गांव के ही एक 40 वर्षीय युवक ने कोचिंग पढ़ने गयी 4 साल की बच्ची को अगवा कर सुनसान जगह में ले गया और फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दर्द से छटपटाती और चीखती चिल्लाती बच्ची की आवाज सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे। ग्रामीणों को आते देख आरोपी वहां से भागने लगा लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने उस दरिंदे को खदेड़कर पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ ने उस आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बगबारा निवासी फुचो महतो का पुत्र राम प्रवेश महतो के रूप में की गई है। पुलिस ने मासूम बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए वीरपुर पीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज





के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया। घटना को लेकर पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को पीएचसी में पुछताछ के दौरान बताया कि मैं अपनी बेटी को पढ़ने के लिए पास के ही एक कोचिंग में देकर आई थी। आरोपी ने उसे अगवा कर सुनसान जगह में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीएचसी में मौजूद मुखिया मो मुख्तार आलम समेत दर्जनों ग्रामीण उक्त आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे थे। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष पल्लव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक और बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया है। जांचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन बेचकर भौजाई को दिया पैसा, पत्नी ने कहा पैसे मांग कर दो तो कर दी हत्या, पति पर अवैध संबंध का आरोप

**वैशाली।** बिहार के वैशाली के राघोपुर थाना के चांदपुरा में एक विवाहिता का शव मिला है। मृतका के मायके वालों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान पटना निवासी जीमल राय की बेटी प्रीति कुमारी (24) की के रूप में हुई है। प्रीति कि शादी चार साल पहले राघोपुर थाना क्षेत्र के चांदपुरा निवासी बाल किशन राय के बेटे अरविंद कुमार के साथ हुई थी। प्रीति के जीजा ने बताया कि अरविंद का उसकी भौजाई से अवैध संबंध से था, जिसको लेकर प्रीति हमेशा विरोध करती थी। अरविंद ने पिछले दिनों अपनी जमीन बेचकर भौजाई को 50 हजार रुपये भी दिए थे। इसे लेकर प्रीति हरदम अरविंद को कहती थी कि 50 हजार रुपये मांग कर हमें दे दो। उन्होंने आगे बताया कि पैसों का विवाद और अवैध संबंध का विरोध प्रीति को भारी पड़ गया। पूरे परिवार ने मिलकर प्रीति को मौत के घाट उतार दिया। प्रीति की डेढ़ साल की एक बच्ची भी है। उसको लेकर प्रीति के परिवार वालों ने चिंतित भी हैं। प्रीति के मायके वालों ने कहा कि लगता है कि बच्ची की भी हत्या कर उन लोगों ने फेंक दिया या क्या किया, कुछ भी पता नहीं चल सका है। परिवार का कोई सदस्य अपने घर पर मौजूद नहीं है। वहीं, पुलिस ने प्रीति का शव बरामद करने के बाद हाजीपुर सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं, पुलिस मामले की हर बिंदु से जांच करने में लगी हुई है कि प्रीति की हत्या कैसे हुई है। वहीं, पुलिस प्रीति की डेढ़ साल की बच्ची के बारे में भी पता लग रही है।

### तुम यहां मां को उतारोगे, मैं वहां बहन को लड़ाऊंगा

## पारस ने चिराग को दी सीधी चुनौती

**हाजीपुर।** हाजीपुर सीट पर लेकर चाचा-भतीजा के बीच जुबानी जंग तेज है। एक सीट पर पशुपति पारस (लोजपा प्रमुख) और चिराग पासवान (लोजपा रामविलास) दोनों अपनी-अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने एक बार फिर से इस सीट को लेकर प्रतिक्रिया दी। भतीजे पर नाराजगी जताते हुए पारस ने कहा कि बिहार में 40 के 40 सीट पर भी अगर चिराग पासवान लड़ जाए तो कोई दिक्कत नहीं है। अरे जब एनडीए में तुम हो तो गठबंधन का जो फैसला होगा उसको मानों नहीं तो 40 सीट पर लड़ जाओ। अगर हाजीपुर में



अपनी मां को लड़ाआगे तो हम भी जमुई से किसी और को लड़ा देंगे। उसके (चिराग पासवान) ही परिवार से किसी को लड़ा देंगे। उसकी बहन या मां को लड़ा देंगे। हाजीपुर सीट को लेकर कड़ी टक्कर के सवाल पर पशुपति पारस ने कहा कि कोई टक्कर नहीं है। एनडीए गठबंधन का मैं स्थायी सदस्य और विश्वासी सहयोगी हूं। कोई आदमी बाहर से आकर ताक-झांक करता है। कल एनडीए में वह आदमी रहेगा या नहीं, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। हाजीपुर में हमारी धरती है। मैं हाजीपुर से चुनाव लड़ूंगा। मैं फिलहाल यहां से ही सांसद हूं। फिर जनता से आशीर्वाद से चुनाव लड़ूंगा। यह बात मैं दर्जनों बार कह चुका है। इसके बाद जिसको जहां लड़ना है लड़े। ताकत की जितनी आजमाइस करनी है वह करे। दरअसल, कुछ दिन पहले ही चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि हाजीपुर लोकसभा सीट से 2024 में अगर उनकी मां लड़ती हैं तो उनकी राहें आसान हो जाएंगी। चिराग पासवान के इस बयान के बाद हाजीपुर सीट को लेकर सियासत गरमा गई थी।

चिराग के इसी बयान पर उनके चाचा ने अपना पत्ता खोल दिया। पशुपति पारस ने चिराग पासवान की जिस बहन और मां की ओर से इशारा किया, वह उनके बड़े भाई दिवंगत रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी और बेटी हैं। यानी चिराग पासवान की सौतेली बहन और मां को चुनावी मैदानी में उतारने की बात पशुपति पारस कह रहे थे।

# दुष्टात्माओं के नाश के लिए करें देवी शक्ति का आह्वान



माँ दुर्गा की पूजा से हम पर देवी शक्ति की कृपा होती है और हम सभी संकटों, रोगों, दुश्मनों, प्राकृतिक आपदाओं से बच पाते हैं। इसके अलावा शारीरिक तेज में वृद्धि होती है मन निर्मल व आत्मिक, दैविक, भौतिक शक्तियों का लाभ मिल पाता है। नवरात्र माँ भगवती जगत–जननी का आह्वान दुष्टात्माओं का नाश करने के लिए किया जाता है। प्रत्येक नर–नारी जो हिन्दू धर्म की आस्था से जुड़े हैं वे किसी न किसी रूप में कहीं न कहीं देवी की उपासना करते ही हैं। फिर चाहे व्रत रखें, मंत्र जाप करें, अनुष्ठान करें या अपनी–अपनी श्रद्धा–भक्ति अनुसार कर्म करते है रहें। वैसे माँ के दरबार में दोनों ही चैत्र व अश्विन मास में पड़ने वाले शारदीय नवरात्र की धूमधाम रहती है। सबसे अधिक अश्विन मास में जगह–जगह गरबों का आयोजन होता है और जगह–जगह देवी प्रतिमा स्थापित करने की भी प्रथा है।



शैल पुत्री



ब्रह्मचारिणी



चंद्रघंटा



कुष्मांडा

नवरात्र में घरों में देवी प्रतिमा-घट स्थापना करते हैं। इसी दिन से नववर्ष की बेला शुरु होती है। घर-घर में उत्साह का माहौल रहता है। कुछ साधकगण भी शक्तिपीठों में जाकर अपनी-अपनी सिद्धियों को बल देते हैं। अनुष्ठान, हवन आदि का पर्व भी होता है। कुछ अपनी वाकशक्ति को बढ़ाते हैं तो कोई अपने शत्रु से राहत पाने के लिए माँ बगुलामुखी का जाप-हवन आदि करते हैं। कोई काली का उपासक है तो कोई नवदुर्गा का। कुछ भी हो किसी न किसी रूप में पूजा तो देवी की ही होती है।

**शैलपुत्री–** माँ दुर्गा का प्रथम रूप है शैलपुत्री। पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म होने से इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। नवरात्र की प्रथम तिथि को शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इनके पूजन से भक्त सदा धनधान्य से परिपूर्ण रहते हैं।

**ब्रहाम्चारिणी–** माँ दुर्गा का दूसरा रूप ब्रहाम्चारिणी है। माँ दुर्गा का यह रूप भक्तों और साधकों को अनंत कोटि फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की भावना जागृत होती है।

**चंद्रघंटा–** माँ दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा है। इनकी आराधना तृतीया को की जाती है। इनकी उपासना से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। वीरता के गुणों में वृद्धि होती है। स्वर में दिव्य अलौकिक माधुर्य का समावेश होता है, आकर्षण बढ़ता है।

**कुष्मांडा–** चतुर्थी के दिन माँ कुष्मांडा की आराधना की जाती है। इनकी उपासना से सिद्धियों में निधियों प्राप्त कर समस्त रोग-शोक दूर होकर आयु-यश में वृद्धि हाती है।

**स्कंदमाता–** नवरात्रि का पाँचवा दिन आपकी उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वारा खोलने वाली माता परम सुखदायी है। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती है।

**कात्यायनी–** माँ का छठा रूप कात्यायनी है। छठे दिन इनकी पूजा-अर्चना की जाती है। इनके पूजन से अदभुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है।

**कालरात्रि–** नवरात्रि की सप्तमी के दिन माँ कालरात्रि की आराधना का विधान है। इसकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है।

**महागौरी–** देवी का आठवाँ रूप माँ गौरी है। इनका अष्टमी के दिन पूजन का विधान है। इनकी पूजा सारा संसार करता है। पूजन करने से समस्त पापों का क्षय होरक कांति बढ़ती है। सुख में वृद्धि होती है, शत्रु-शमन होता है।

**सिद्धि दात्री–** माँ सिद्धिदात्री की आराधना नवरात्र की नवमी के दिन की जाती है। इनकी आराधना से जातक को अणिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, सर्वकामावसायिता, दूर, श्रावण, परकामा प्रवेश, वाकसिद्ध, अमरत्व भावना आदि समस्त सिद्धियां की प्राप्ति होती है। आज के युग में इतना कठिन तप तो कोई नहीं कर सकता लेकिन अपनी शक्तिनुसार जप, तप, पूजा,-अर्जना कर कु छ तो माँ की कृपा का पात्र बनता है।

## माँ भगवती की आराधना कल्याणकारी

सम्पूर्ण भारत वर्ष में नवरात्रि का पर्व वर्ष में दो बार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तथा आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को बड़ी श्रद्धा, भक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसे बसन्त व शारदीय नवरात्रि के नाम से जाना जाता है।

इस कर्म भूमि के सपूतों के लिए माँ दुर्गा की पूजा व आराधना ठीक उसी प्रकार कल्याणकारी है जिस प्रकार अंधेरे में घिरे हुए संसार के लिए भगवान सूर्य की एक किरण।

नवरात्रि में दुर्गाष्टमी व महानवमी पूजन का बड़ा ही महत्व है। इस अष्टमी व नवमी की कल्याणप्रद, शुभ बेला श्रद्धालु भक्तजनों को मनोवांछित फल देकर नव दिनों तक लगातार चलने वाले व्रत व पूजन महोत्सव के सम्पन्न होने के संकेत देती है। माँ दुर्गा की आराधना से व्यक्ति एक सदृहस्थ जीवन के अनेक लक्षणों धन, ऐश्वर्य, पत्नी, पुत्र, पौत्र व स्वास्थ्य से युक्त हो जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष को भी सहज ही प्राप्त कर लेता है।

इतना ही नहीं बीमारी, महामारी, बाढ़,सूखा, प्राकृतिक उपद्रव व शत्रु से घिरे हुए किसी राज्य, देश व सम्पूर्ण विश्व के लिए भी माँ भगवती की आराधना परम कल्याणकारी है। इस पूजा में पवित्रता, नियम व संयम तथा ब्रह्मचर्य का विशेष महत्व है। पूजा के समय घर व देवालय को



तोरण व विविध प्रकार के मांगलिक पत्र, पुष्पों से सजाना चाहिए तथा स्थापित समस्त देवी–देवताओं का आव्हान उनके नाम मंत्रों द्वारा षोडषोपचार पूजा करनी चाहिए जो विशेष फलदायनी है। भविष्य पुराण के उत्तर–पूर्व में महानवमी व दुर्गाष्टमी पूजन के विषय में भगवान श्रीकृष्ण से धर्मराज युधिष्ठिर का संवाद मिलता है। जिसमें नवमी व दुर्गाष्टमी पूजन का स्पष्ट उल्लेख है।

यह पूजन प्रत्येक युगों, सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग तथा कल्पों व मन्वन्तरों आदि में भी प्रचलित था। माँ भगवती सम्पूर्ण जगत् में परम शक्ति अनन्ता, सर्वव्यापिनी, भावगम्या, आद्या आदि नाम से विख्यात हैं जिन्हें माया, कात्यामिनी, काली, दुर्गा, चामुण्डा, सर्वमंगला, शंकरप्रिया, जगत जननी, जगदम्बा, भवानी आदि अनेक रूपों में देव, दानव, राक्षस, गन्धर्व, नाग, यक्ष, किन्नर, मनुष्य आदि अष्टमी व नवमी को पूजते हैं। माँ भगवती का पूजन अष्टमी व नवमी को करने से कष्ट, दु:ख मिट जाते हैं और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। यह तिथि परम कल्याणकारी, पवित्र, सुख को देने वाली और धर्म की वृद्धि करने वाली है। अनेक प्रकार मंत्रोपचार से विधि प्रकार पूजा करते हुए भगवती से सुख, समृद्धि,यश, कीर्ति, विजय, आरोग्यता की कामना करनी चाहिए। नवरात्रि के आठवें दिन की देवी माँ महागौरी हैं।

परम कृपालु माँ महागौरी कठिन तपस्या कर गौरवर्ण को प्राप्त कर भगवती महागौरी के नाम से सम्पूर्ण विश्व में विख्यात हुई। भगवती महागौरी की आराधना सभी मनोवांछित को पूर्ण करने वाली और भक्तों को अभय, रूप व सौंदर्य प्रदान करने वाली है। अर्थात शरीर में उत्पन्न नाना प्रकार के विष व्याधियों का अंत कर जीवन को सुख–समृद्धि व आरोग्यता से पूर्ण करती है।

माँ की शास्त्रीय पद्धति से पूजा करने वाले सभी रोगों से मुक्त हो जाते हैं और धन वैभव सम्पन्न होते हैं। नववें दिन की दुर्गा सिद्धिदात्री हैं यह दिन माँ सिद्धिदात्री दुर्गा की पूजा के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। माँ भगवती ने नववें दिन देवताओं और भक्तों के सभी वांछित मनोरथों को सिद्ध कर दिया, जिससे माँ सिद्धिदात्री के रूप में सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हुई। परम करुणामयी सिद्धिदात्री की अर्चना व पूजा से भक्तों के सभी कार्य सिद्ध होते हैं। बाधाएं समाप्त होती हैं एवं सुख व मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस प्रकार अष्टमी को विविध प्रकार से भगवती जगदम्बा का पूजन कर रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए तथा नवमी को विविध प्रकार से पूजा–हवन कर नौ कन्याओं को भोजन खिलाना चाहिए और हलुआ आदि प्रसाद वितरित करना चाहिए और पूजन हवन की पूर्णाहुति कर दशमी तिथि को व्रती को व्रत खोलना पारण चाहिए। यदि नवमी तिथि की वृद्धि हो तो एक नवमी को व्रत कर दूसरे नवमी में अर्थात दसवें दिन पारण करने का विधान शास्त्रों में मिलता है। जो सभी प्रकार के अमंगल को दूर कर जीवन को सुखद व सुन्दर बना देता है।



स्कन्द माता



कात्यानी



कालरात्रि



महागौरी



सिद्धि दात्री



# 40 की उम्र में भी गदर मचा रही मोनालिसा

मोनालिसा ने कई मशहूर भोजपुरी फिल्मों में अपने किरदारों से फैन्स का प्यार जीता है। वह सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रीय रहती है। उनकी मनमोहक तस्वीरो ने उन्हें दर्शकों का चहेता स्टार बना दिया है। फिहहाल वह उद्योग में अत्यधिक मांग वाली अभिनेत्री के रूप में स्थापित हो गई हैं। भोजपुरी फिल्मों में उनके कई रदार जबरदस्त रहे हैं। अपने फि ल्मी करियर के अलावा, मोनालिसा को पनी अनूठी शैली के साथ महत्वपूर्ण फैशन ट्रेंड स्थापित करने के लिए जाना जाता है। हाल ही में, उन्होंने अपने नवीनतम फोटोशूट की कुछ नदार तस्वीरों से अपने प्रशंसकों को खुश किया। तस्वीरों में, उन्हें नीली नेम जींस के साथ गुलाबी क्रॉप-टॉप पहने और बड़े झुमके और एक छोटे डेंट के साथ देखा जा सकता है। उन्होंने मिनिमल मेकअप और नेचुरल रस्टाइल के साथ अपना पहनावा पूरा किया। उसने पोस्ट को कैप्शन दिया वल प्यार ही कर सकता है। मोनालिसा ने भोजपुरी के अलावा हिंदी, मल, तेलुगु, कन्नड़ और उड़िया जैसी ई भाषाओं में भी काम किया है। शहूर हिंदी रियलिटी शो में प्रतियोगी ते हुए राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल पर क्रांत सिंह से शादी करने के बाद भिनेत्री सुर्खियों में आईं। नालिसा भोजपुरी के टॉप एक्ट्रेस आती हैं। भोजपुरी दर्शक नालिसा को हर रूप में देखना ंद करते हैं। एक वक्त पर नालिसा और पवन सिंह की ड़ी खूब मशहूर हुई थी। इंस्टाग्राम मोनालिसा के लगभग 5.3 लियन से अधिक फॉलवर्स हैं। इन बके बीच मोनालिसा और पवन ह एक बार फिर से सोशल डिया पर छाए हुए हैं। असल, पवन सिंह के साथ नालिसा का एक रोमांटिक ना जवानी शिखर पर लोगों अपना दीवाना बना रहा इस गाने में पवन सिंह र मोनालिसा के बीच बरदस्त केमिस्ट्री दिखाई दे रही मोनालिसा ने हल्के गुलाबी रंग साड़ी पहन रखी है जो कि उन खूब सूट भी कर रहा है।



# शोस्टॉपर बनी परिणीति चोपड़ा



परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में रैंप वॉक किया और अपना जलवा बिखेरा। उनका साड़ी लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अपनी शादी के बाद यह पहली बार था जब परिणीति को किसी फैशन शो में देखा गया और ऐसा लगता है कि उन्होंने सारा महफिल लूट लिया। इश्कजादे अभिनेता ने छोटी आस्तीन वाले ब्लाउज के साथ शाही साड़ी पहनी थी। केक पर चेरी उसकी नाटकीय टोपी है। लेकिन जिस चीज ने ध्यान खींचा वह था उनका शादी का चूड़ा और सिंदूर, जिसे अभिनेता इन दिनों सहजता से दिखा रहे हैं। एलएएफडब्ल्यू के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जहां बॉलीवुड अभिनेता को रैंप पर डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। परिणीति का ये पहनावा लोगों को काफी पसंद आया है। चाहे वह उनकी सुनहरी साड़ी हो, चमचमाता हार हो या उनका गुलाबी चूड़ा, सब कुछ सही है। परिणीति के फैन्स ने उनकी जमकर तारीफ की है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा कि एक्टर पूरी दुल्हन की तरह लग रहे हैं, वहीं दूसरे ने लिखा कि परी की मुस्कान उनके लुक को कॉम्प्लीमेंट कर रही है। परिणीति चोपड़ा ने 24 सितंबर को राजनेता राघव चड्ढा से शादी की। शादी उदयपुर के रॉयल पैलेस होटल लीला पैलेस में उनके करीबी रिश्तेदारों के बीच हुई। सिर्फ शादी ही नहीं, परिणीति के प्री-वेडिंग फंक्शन भी काफी अलग थे। दोनों परिवारों के बीच अरदास से लेकर क्रिकेट मैच और खेल तक हुए. अभिनेता ने अपनी शादी के उत्सव की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी साझा किए। परिणीति को आखिरी बार मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू में देखा गया था। अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है और आने वाले हफ्तों में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। नवविवाहित अगली बार संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में दिखाई देंगे। फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, अनिल कपूर, तृप्ति डिमरी और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं।

## सिंघम अगेन' की शूटिंग के लिए हैदराबाद में सितारे



रोहित शेट्टी की 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'सिंघम अगेन' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हाल ही में पूजा पाठ के बाद मेकर्स ने इसकी शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी थी। इसका पहला शेड्यूल हैदराबाद में फिल्माया जा रहा है। इसी कड़ी में रोहित शेट्टी की फिल्म के लीड स्टार्स के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिसे देख फैंस फूले नहीं समा रहे हैं। 'सिंघम अगेन' , जो भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ लड़ता है। वायरल तस्वीर की बात करें तो इसमें रोहित शेट्टी, अजय देवगन के अलावा अक्षय कुमार और रणवीर सिंह के साथ कैमरे के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय कुमार और रणवीर दोनों फिल्म के लेटेस्ट शेड्यूल के लिए हैदराबाद में अजय देवगन के साथ शामिल हुए हैं। यह शेड्यूल चार सप्ताह तक चलने की संभावना है, और इसमें हाई एक्शन से भरपूर क्लाइमेक्स सहित फिल्म का प्रमुख हिस्सा शामिल है।

**संक्षिप्त तड़का**

## रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स से जुड़ीं दीपिका पादुकोण



रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स से जुड़ने के लिए कई नए सितारों का नाम सामने आ चुका है। इनमें से ही एक नाम दीपिका पादुकोण का भी है। हालांकि, अब इस खबर पर पक्की मुहर लग चुकी है। दीपिका, 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'सिंघम अगेन' का हिस्सा हैं। खुद रोहित शेट्टी ने अभिनेत्री का वेलकम करते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में दीपिका, पुलिस की वर्दी पहनी बेहद खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसे देख फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। रोहित शेट्टी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर अपने कॉप यूनिवर्स की पहली महिला कॉप से फैंस को रूबरू कराया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर कॉप यूनिवर्स में उनका स्वागत किया है। पोस्टर में दीपिका पादुकोण एक अपराधी के मुंह में बंदूक ताने नजर आ रही हैं। वहीं, अभिनेत्री की खतरनाक हंसी दर्शकों को हैरान करने के लिए काफी है। रोहित शेट्टी ने 'सिंघम अगेन' से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी करते हुए खुले दिल से उनका स्वागत किया है। रोहित शेट्टी ने पोस्ट को कैप्शन दिया है, 'नारी सीता का भी रूप है और दुर्गा का भी। मिलिए हमारे कॉप यूनिवर्स की सबसे क्रूर और हिंसक ऑफिसर से। शक्ति शेट्टी, मेरी लेडी सिंघम, दीपिका पादुकोण।' दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आते ही इंटरनेट जगत में छा गया है। साथ ही फैंस इसे देखने के बाद फिल्म के लिए और ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं। रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में अजय देवगन एक निडर और ईमानदार पुलिसकर्मी बाजीराव सिंघम की अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे। वहीं, करीना सिंघम की पत्नी की भूमिका को वापस से दोहराएंगी। इसके अलावा मूवी में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार भी अहम रोल में नजर आने वाले हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## प्रभास का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ हैक!



मेगा स्टार प्रभास एक बड़ी मुश्किल में पड़ गए हैं। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आई है, एक्टर का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया है की एक्टर ने अपना अकाउंट डीएक्टिवेट किया है या सच में उनका अकाउंट हैक हो गया है। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास का इंस्टाग्राम अकाउंट प्लेटफॉर्म पर दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे फैंस द्वारा कयास लगाए जा रहें हैं कि शायद सुपरस्टार का अकाउंट हैक हो चुका है। वहीं साथ ही यह भी ख्याल लोगों के दिमाग में आ रहा है कि कहीं प्रभास ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को डीएक्टिवेट तो नहीं कर दिया है। सुपरस्टार प्रभास के फैंस के बीच खलबली मची हुई है, क्योंकि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट शो नहीं कर रहा है। फैंस को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिरकार बात क्या है? वहीं प्रभास की ओर से भी अभी इसपर कोई तरह का कुछ रिएक्शन सामने नहीं आया है। अभिनेता के फैंस के मन में बस यही दो ही सवाल चल रहा है कि क्या प्रभास का अकाउंट हैक हो गया है? या फिर प्रभास ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को डीएक्टिवेट कर दिया है। प्रभास के लाखों करोड़ों फैंस हैं, जो अभिनेता पर अपनी जान लुटाते हैं। ऐसे में आई इस खबर की वजह से उनके फैंस निराश हो गए हैं। वहीं यदि प्रभास ने खुद अपने अकाउंट को डीएक्टिवेट कर दिया होगा तो यकीनन फैंस का दिल टूट जायेगा, क्योंकि यही वो प्लेटफार्म है, जिसके जरिए फैंस अपने चहीते सुपरस्टार के बारे में अप टू डेट रहते हैं, और समय-समय पर फैंस भी प्रभास से अपने प्यार का इजहार कर पाते हैं। फिलहाल जब तक प्रभास की ओर से कुछ हिंट नहीं मिल जाता, तब तक कुछ कह नहीं सकते हैं।

# तमन्ना ने बांधे सुपरस्टार रजनीकांत की तारीफों के





साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया पिछले काफी दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। चारों तरफ अभिनेत्री के विजय वर्मा संग प्यार के चर्चे हैं। दोनों ने जिस दिन से एक-दूसरे के लिए प्यार कुबूल किया है उसी दिन से दोनों इस रिश्ते को लेकर मुखर रहे हैं। हालांकि, अभिनेत्री अपनी निजी जिंदगी के अलावा अपनी फिल्मों पर भी पूरा ध्यान दे रही हैं। तमन्ना भाटिया आखिरी बार रजनीकांत और चिरंजीवी जैसे कलाकारों के साथ काम करती नजर आई थीं। दोनों कलाकारों के साथ काम करने के एकसापीरियांस अभिनेत्री पहले ही साझा कर चुकी हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने रजनीकांत की तारीफों के पुल बांधें। पिछले दिनों रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' में अपने धांसू डांस नंबर के कारण सुर्खियों में रहीं तमन्ना भाटिया इस साल लगातार फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर रही हैं। 'जेलर', 'भोला शंकर' जैसी फिल्मों और 'लस्ट स्टोरीज 2' जैसी सीरीज में काम करने के बाद तमन्ना भाटिया हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में जलवा बिखेरती नजर आईं। रजनीकांत के साथ 'जेलर' जैसी ब्लॉकबस्टर देने वाली तमन्ना भाटिया ने हाल ही में सुपरस्टार के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया और बताया कि आखिर उन्हें उनमें क्या अच्छा लगता है। रजनीकांत के साथ तमन्ना भाटिया की आखिरी फिल्म 'जेलर' ब्लॉकबस्टर रही थी। लैक्मे फैशन वीक में अभिनेत्री से थलाइवर के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा गया। हाल ही में अभिनेत्री ने इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। अभिनेत्री ने बताया, 'रजनीकांत सर सबसे विनम्र व्यक्ति हैं, जिनसे मैं कभी मिली हूं। किसी ऐसे व्यक्ति को देखना सुंदर है, जिसने उस तरह का सुपरस्टारडम देखा है और फिर भी उसमें उसी तरह की सादगी और मासूमियत है और उसे बरकरार रखना वाकई मुश्किल है।'आपको बता दें, तमन्ना भाटिया पिछले दिनों अपनी तुलना टॉम क्रूज से की थी। दरअसल, अभिनेत्री का कहना था कि जैसे टॉम क्रूज 60 साल की उम्र में हैरतअंगेज स्टंट्स करते हैं, वैसे ही बड़ी उम्र में वह भी डांस नंबर्स करती रहेंगी। तमन्ना ने कहा, 'आप सभी उम्र के अंतर को क्यों देख रहे हैं? बस स्क्रीन पर निभाए जा रहे दो किरदारों को देखें, बस इतना ही। अगर मुझसे उम्र के बारे में पूछा जाए, तो मैं 60 साल की उम्र में भी टॉम क्रूज के स्टंट को देखूंगी। और मैं उस उम्र में भी आकर्षक डांस नंबर करना चाहूंगी।'तमन्ना भाटिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो, रजनीकांत अभिनीत फिल्म 'जेलर' में तमन्ना का गाना 'कावला' जबर्दस्त हिट हुआ था। वह हाल ही में अभिषेक बनर्जी के साथ 'आखिरी सच' में भी नजर आई थीं। इसके अलावा, तमन्ना भाटिया फिल्म 'बांद्रा' के साथ मलयालम सिनेमा में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## युवराज सिंह की पत्नी हेजल कीच ने उठाया बड़ा कदम



पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह की पत्नी और पूर्व अभिनेत्री हेजल कीच अगस्त, 2023 में दूसरी बार मां बनी हैं। 'बॉडीगार्ड' अभिनेत्री के घर लक्ष्मी आई हैं, जिसका नाम उन्होंने ऑरा रखा है। वहीं, अब हेजल ने एक बेहद नेक काम कर लोगों का दिल जीत लिया है। हेजल ने हाल ही में डिलीवरी के बाद बाल झड़ने की समस्या के बारे में बात की। युवराज की पत्नी ने कहा कि पोस्टपार्टम के बाद उन्होंने बाल छोटे करने का फैसला किया। वहीं, इसकी तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन के जरिए नेक काम की जानकारी देकर हेजल हेडलाइंस का हिस्सा बन गई हैं। हेजल कीच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरों की एक सीरीज साझा की है। इनमें से पहले फोटो में पूर्व अभिनेत्री अपने छोटे बालों को फ्लॉन्ट करती और एक हाथ में कटे हुए बाल पकड़ी नजर आ रही हैं। हेजल ने इस पोस्ट के कैप्शन के जरिए जानकारी दी है कि उन्होंने कैंसर रोगियों के लिए विग बनाने के लिए अपने बाल दान कर दिए हैं।

## बॉबी देओल ने बताया क्यों हो रही है 'अपने 2' बनने में देर?



देओल परिवार के सितारों पर फैंस जी-जान लुटाते हैं। धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल को पर्दे पर देखने के लिए दर्शक हमेशा उत्साहित रहते हैं।

वर्ष 2007 में आई फिल्म 'अपने' में धर्मेंद्र और सनी-बॉबी साथ नजर आए थे। फैंस को लंबे वक्त से इसके सीक्वल का इंतजार है। अब 'अपने 2' को लेकर बॉबी देओल ने जानकारी साझा की है। साथ ही उन्होंने अपने भाई और पिता के साथ और भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जाहिर की है। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'अपने' में धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल पहली बार साथ नजर आए थे। दर्शकों को फिल्म खूब पसंद आई थी। इसके बाद 'यमला पगला दीवाना' में भी तीनों साथ नजर आए, यह भी हिट रही। इसके दो सीक्वल 'यमला पगला दीवाना 2' और 'यमला पगला दीवाना फिर से' में भी तीनों नजर आए। हालांकि, सीक्वल में इनका जादू नहीं चल पाया। दो फिल्मों में असफलता का स्वाद चखने के बाद अब अभिनेता स्क्रिप्ट को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। हाल ही में बॉबी देओल ने 'अपने 2' में हो रही देर की वजह का खुलासा करते हुए बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट की कमी की वजह से ऐसा हो रहा है। बता दें कि हाल ही में बॉबी देओल एक फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से 'अपने 2' को लेकर बात कीं। बॉबी देओल ने कहा, 'निश्चित रूप से 'अपने 2' आ रही है। हम 'अपने 2' बनाने की कोशिशों में जुटे हैं। और इसके अलावा और भी कुछ फिल्में साथ में करना चाहते हैं। स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। जब अच्छी स्क्रिप्ट होगी, तब ही हम फिल्म बनाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011